RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com | editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 266 | जयपुर, रविवार, 25 अक्टूबर , 2026 | मूल्यः 2.00 रूपए | पृष्ठः 8

शेखावाटी विरासत एवं विकास समिटः शेखावाटी में विरासत संरक्षण के साथ समग्र विकास कर रही सरकार

शेखावाटी विरासत एवं विकास समिट, महत्वपूर्ण एक्सप्रेस-वे से क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मिलेगी मजबूती : सीएम भजनलाल शर्मा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ सहेज रहे विरासतः खरीदने की बजाय अब दूसरे प्रदेशों को दी जा रही बिजली

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डबल इंजन सरकार जल संकट से मुक्ति, बेहतर कनेक्टिविटी, हवेलियों के जीर्णोद्धार और पर्यटन को प्रोत्साहित कर शेखावाटी अंचल का समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। शेखावाटी की वीरता, समृद्ध लोक संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत राजस्थान की गौरवशाली पहचान है। यहां के पूर्वजों की मेहनत, ईमानदारी और समर्पण ने इस क्षेत्र को देश-दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाई है।यहां की ऐतिहासिक हवेलियां और धार्मिक स्थल अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास भी, विरासत भी' के विजन के अनुसाराज्य सरकार इसी विरासतको संरक्षित करने के साथ ही उन्हें पर्यटन से जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। वहीं, जल-बिजली उपलब्धता, बेहतर सड़क सम्पर्क और निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है।

बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में राजस्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बिजली उत्पादन बढ़ाने और प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी सरकार में बिजली उत्पादन बढ़ाने की दिशा में व्यापक प्रयास किए गए हैं। सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों और होटल संचालकों को भी प्रेरित किया जा रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता से औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को गति मिलेगी।

रोड कनेक्टिविटी से विकास की रफ्तार हो रही तेज-

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की आर्थिक प्रगति में रोड कनेक्टिविटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी उद्देश्य से कोटपूतली-किशनगढ़ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे और बीकानेर-कोटपूतली एक्सप्रेस-वे जैसी सड़क परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। जिनसे सीकर, झुंझुनूं और चूरू सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से कनेक्ट होंगे। साथ ही, दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी राजस्थान के बीच आवागमन अधिक सुगम होगा। इससे परिवहन कृषि उत्पादों का विपणन आसान और लागत कम होने के साथ ही औद्योगिक गतिविधियों, धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटनको बढ़ावा मिलेगा।

अपनी विरासत को सहेजने में आएं आगे

उन्होंने कहा कि शेखावाटी की विरासत केवल हवेलियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां का एक-एक कण ऐतिहासिक महत्व रखता है। सरकार का प्रयास है कि हवेलियों के मूल स्वरूप और पारंपरिक चित्रकारी को सुरक्षित रखते हुए उन्हें पर्यटन गतिविधियों से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि शेखावाटी की ऐतिहासिक हवेलियों और सांस्कृतिक धरोहरोंके माध्यम से यहां होटलऔर पर्यटन उद्योग में विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। राज्य सरकार शेखावाटी क्षेत्र की 662 हवेलियों के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीकर, झुंझुनूं और चूरू को शामिल करते हुए हेरिटेज टूरिज्म सर्किट विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। हवेलियों में चित्रकारी और पारंपरिक शिल्प का कार्य करने वाले स्थानीय कलाकारों एवं कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण देकर इस अभियान से जोड़ा जाएगा। इससे हमारी पारंपरिक कला सुरक्षित रहेगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों से भी अपनी ऐतिहासिक हवेलियों और धरोहर के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए राजस्थान में निवेश अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा, शेखावाटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद गोयल, राष्ट्रीय संयोजक हरि शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री गजानंद शर्मा, राष्ट्रीय प्रभारी गिरधारी कैशोट एवं फाउंडेशन के अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में शेखावाटी अंचल के आमजन उपस्थित रहे।





ऐतिहासिक यमुना जल समझौते से बदलेगी शेखावाटी अंचल की तस्वीर



8 दिसम्बर को शेखावाटी हेरिटेज मीट

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विरासत को सहेजकर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी की ऐतिहासिक विरासत, हवेलियों और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 8 दिसम्बर को शेखावाटी हेरिटेज मीट आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य देश-विदेश में बसे शेखावाटी के प्रवासियों को अपनी मातृभूमि की विरासत के संरक्षण, पर्यटन विकास और निवेश के अवसरों से जोड़ना है। मुख्यमंत्री शनिवार को जयपुर में आयोजित शेखावाटी विरासत एवं विकास समिट को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से नई पीढ़ी को व्यवसाय एवं उद्योगों से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि राजस्थानियों की मेहनत, हुनर और उद्यमशीलता की पहचान पूरी दुनिया में है। युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित कर उसे उद्यमिता और रोजगार सृजन के अवसर उपलब्ध करवाना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार, सामाजिक संगठनों, उद्यमियों, स्थानीय नागरिकों और प्रवासी शेखावाटीवासियों के सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

सीमा से लेकर देश की आर्थिक प्रगति में शेखावाटी का अहम योगदान

उन्होंने शेखावाटी फाउंडेशन के पदाधिकारियों, विरासत संरक्षण के लिए कार्य कर रहे लोगों और प्रवासी राजस्थानियों की सराहना करते हुए कहा कि शेखावाटी के उद्यमियों और भामाशाहों का देश की आर्थिक प्रगति मेंयोगदान महत्वपूर्ण है। 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान में भी प्रवासी राजस्थानियों, भामाशाहों और सामाजिक संस्थाओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है।

जल सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक पहल, शेखावाटी को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी आवश्यकता पानी है। इसी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने राम जलसेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौते जैसेमहत्वपूर्ण समझौते किए हैं। उन्होंने बताया कि राम जलसेतु लिंक परियोजना के अंतर्गत लगभग एक लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावित कार्यों में से लगभग 41 हजार करोड़ रुपये के कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। इस परियोजना से सिंचाई जल की उपलब्धता के साथ ही पेयजलऔर औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते के माध्यम से सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों की जल आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार के प्रयासों से बाड़मेर और सांचौर सहित जालोर, भीनमाल एवं रानीवाड़ा क्षेत्र को नर्मदा जल समझौते का लाभ मिलने की संभावना है।

इसके अतिरिक्त आईजीएनपी, किशाऊ बांध परियोजना, फिरोजपुर फीडर, जवाई जल परियोजना तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के क्षेत्रों की पेयजल एवं सिंचाई संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए काम किया जा रहा है।

टाइगर श्रॉफ पर हमले का एक और आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

मुंबई और इंदौर क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई, 22 वर्षीय प्रांजल ठाकरान को परदेशीपुरा थाना क्षेत्र से दबोचा गया

नई दिल्ली/संचार जगत

अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक और संदिग्ध को इंदौर से गिरफ्तार किया है। मुंबई क्राइम ब्रांच और इंदौर क्राइम ब्रांच ने संयुक्त कार्रवाई कर 22 वर्षीय प्रांजल ठाकरान को परदेशीपुरा थाना क्षेत्र से पकड़ा। पुलिस को उसकी भूमिका हथियारों की सप्लाई और हमले की कथित योजना से जुड़े होने का संदेह है।

इंदौर क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, प्रांजल हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है। शुरुआती पूछताछ में उसने बताया कि वह करीब पांच दिन पहले अपने भाई के इलाज के लिए इंदौर आया था। मुंबई पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर दोनों शहरों की क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को संयुक्त कार्रवाई की योजना बनाई। इसके बाद शनिवार दोपहर प्रांजल को परदेशीपुरा क्षेत्र से वैधानिक प्रक्रिया के तहत हिरासत में लिया गया। दंडोतिया ने बताया कि मामले की आगे की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच कर रही है। प्रांजल ने कथित हमलावरों को हथियारों की सप्लाई के अलावा कोई अन्य लॉजिस्टिक मदद दी थी या नहीं, इसका पता मुंबई में पूछताछ के बाद चलेगा। पुलिस के मुताबिक, प्रांजल के लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े होने या इंदौर में पहले हुई किसी फायरिंग की घटना में उसकी संलिप्तता की फिलहाल आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



हथियारों की सप्लाई और लॉजिस्टिक मदद का संदेह

शूटरों की गिरफ्तारी से अंडरवर्ल्ड कमजोर नहीं होता



राम गोपाल वर्मा बोले- हमलावर सिर्फ एक कड़ी, असली ताकत फैसले लेने वालों के पास

मुंबई, आरएनएन। फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने टाइगर श्रॉफ से जुड़ी गोलीबारी की घटना पर कहा कि शूटरों की गिरफ्तारी से अंडरवर्ल्ड का पूरा नेटवर्क कमजोर हो जाए, यह जरूरी नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा हमलावरों को पकड़ने पर ही बड़ी सफलता मानना सही नहीं है, क्योंकि उनके मुताबिक, ऐसे नेटवर्क में गोली चलाने वाला व्यक्ति आसानी से बदला जा सकने वाला हिस्सा होता है। वर्मा ने लिखा कि अंडरवर्ल्ड में शूटर को मुख्य रूप से हिंसक वारदात को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। संगठन के संचालन, प्रबंधन, सौदेबाजी और फैसले लेने में उसकी भूमिका नहीं होती। उन्होंने शूटर की तुलना इमारत बनाने वाले मजदूर से की, जबकि वारदात की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का आदेश देने वालों को उन्होंने इमारत का वास्तुकार और मालिक बताया। वर्मा ने अपने तर्क को समझाने के लिए सेना का उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि युद्ध में सैनिक लड़ते हैं, जबकि सेनापति आदेश देता है। उनके अनुसार, फैसले लेने वालों को जोखिम उठाने वालों से अलग रखकर ऐसी व्यवस्था लंबे समय तक हिंसा जारी रख सकती है।

टाइगर पर फायरिंग का मामला

तुम्हारे चेहरे टीवी पर आ गए, निकलो वहां से... हैंडलर्स दे रहे थे अपने शूटर्स को पूरी जानकारी

'वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल' एप्स का कर रहे थे इस्तेमाल

नई दिल्ली/संचार जगत

18 अक्टूबर की शाम अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग करने के बाद भागने वाले तीनों शूटर्स को उनके 'हैंडलर्स' से रियल-टाइम अपडेट मिल रहे थे। ये अपडेट उन्हें न्यूज चैनलों की खबरों को देखकर मिल रहे थे। जैसे ही उनके चेहरे न्यूज चैनल पर दिखे तो उनके हैंडलर्स ने उनसे कहा कि तुम्हारे चेहरे टीवी पर आ गए हैं, निकल जाओ वहां से। जैसे-जैसे मीडिया न्यूज अपडेट प्रसारित कर रहे थे, वैसे-वैसे हैंडलर्स एनक्रिप्टेड 'वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल' मैसेजिंग ऐप्स के जरिए सीधे शूटर्स तक जानकारी पहुंचा रहे थे।





मीडिया चैनलों से मिल रही थी पल-पल की अपडेट

न्यूज चैनलों पर हमले के फुटेज पर थी नजर

क्राइम ब्रांच के सूत्रों के अनुसार भागने के दौरान एक समय ऐसा आया जब न्यूज चैनलों पर हमले के फुटेज दिखाए गए। उस वक्त मुख्य संदिग्धों में से एक को अपने मोबाइल फोन पर एक जरूरी निर्देश मिला 'तुम्हारे चेहरे टीवी आ गए हैं, निकल जाओ वहां से।'

सिने एसोसिएशन चिंतित

शिफ्ट होगी फिल्म इंडस्ट्री! आगंतुकों की पहचान हो

टाइगरपर हुई गोलीबारी की घटना के बाद फेडरेशन ऑफ सिने एम्प्लॉइज के प्रतिनिधि बीएन तिवारी ने सितारों की सुरक्षा पर चिंता जताई है। शूटिंग के दौरान हर व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई बाहरी व्यक्ति भीड़ में शामिल होकर किसी कलाकार पर गोली चलाता है, तो इसकी जिम्मेदारी प्रोड्यूसर और उसे शूटिंग पर लाने वाली टीम की होगी।

जंतर-मंतर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट से गठित समिति की कार्रवाई

महिला प्रदर्शनकारियों से दुर्व्यवहार, पैलेट गन पर करेगी जांच

उच्चस्तरीय जांच समिति 29-30 को प्रभावित लोगों की बात सुनेगी

नई दिल्ली/संचार जगत

जंतर-मंतर पर जुलाई में हुए हिंसक टकराव के दौरान क्या प्रदर्शनकारियों पर पेलेट गन का इस्तेमाल किया गया था? क्या महिला प्रदर्शनकारियों के साथ दुर्व्यवहार हुआ था? इन गंभीर आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित उच्चस्तरीय जांच समिति 29 और 30 अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रभावित लोगों की बात सुनेगी। समिति कथित पुलिस ज्यादती, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा और संपत्ति को हुए नुकसान से जुड़े मामलों की भी जांच करेगी। समिति का कार्यालय शिक्षा सदन, 17 राउज एवेन्यू इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली में है।





संपत्ति को नुकसान के आरोपों की जांच होगी

सुरक्षा बलों की ओर से जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किए जाने और दोनों पक्षों की तरफ से संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपों की भी पड़ताल होगी। कुछ छात्रों को चोटें आई थीं। इन चोटों के पीछे पेलेट गन के संभावित इस्तेमाल की आशंका जताई गई थी।

ये जांच समिति में शामिल

5 सदस्यीय समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी कर रहे हैं। समिति में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रवि शंकर झा, दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिंदर कौर, सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के पूर्व डीजीपी एलआर बिश्नोई शामिल हैं।

ऑनलाइन शिकायत की भी सुविधा दी

प्रभावित लोगों, गवाहों और अन्य की भागीदारी आसान बनाने के लिए समिति ने hpec.nic.in नाम से ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया है। लोग बयान, शिकायतें और दस्तावेज जमा कर सकते हैं। समिति ने यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप बनाई है, ताकि ऐसे गवाह भी अपनी बात रख सकें जिन्हें सुरक्षा या पहचान उजागर होने का खतरा हो।

सिंधी कैंप में जानलेवा हमले के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, चाकू और बोतल बरामद

मोटरसाइकिल खड़ी करने की बात पर हुआ था विवाद, दो युवकों पर किया था हमला

संचार जगत

जयपुर। जयपुर पश्चिम के सिंधी कैंप थाना पुलिस ने दो युवकों पर जानलेवा हमला करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू, बोतल और मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, मोटरसाइकिल खड़ी करने की बात पर हुए मामूली विवाद का बदला लेने के लिए आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया था।



पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 19 अक्टूबर 2026 की रात स्टेशन रोड पर सोनू सिंह और रोहित सिंह पर चाकू व बोतल से हमला किया गया था। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त दरजाराम के सुपरविजन में सिंधी कैंप थाना प्रभारी वंदना नुरेला के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुआ था विवाद पुलिस के अनुसार, सोनू सिंह और उसका दोस्त रोहित सिंह 18 अक्टूबर को सिंधी कैंप के पास मेवाड़ ट्रैवल्स के सामने मोटरसाइकिल खड़ी करने की बात को लेकर कुछ लोगों से विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते 19 अक्टूबर की रात जब दोनों स्टेशन रोड पर खाना ऑर्डर देने के लिए वापस आए, तब दिलीप कुमावत उर्फ चुन्नू, उसके भाई नीरज कुमावत और अन्य साथियों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में सोनू सिंह और रोहित सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में सोनू सिंह की रिपोर्ट पर सिंधी कैंप थाने में मुकदमा नंबर 136/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई।

अलवर जिला टेबल टेनिस द्वितीय चैंपियनशिप 5 नवंबर को होगी आयोजित

संचार जगत


अलवर। सचिव पंकज सैनी ने बताया अलवर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन की ओर से द्वितीय अलवर जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2026-27 का आयोजन 5 नवंबर से फोर्स टेबल टेनिस एकेडमी, अलवर में किया जाएगा।

प्रतियोगिता में अंडर-17, अंडर-19 एवं सीनियर वर्ग के मुकाबले होंगे। इस प्रतियोगिता के आधार पर भरतपुर में 23 से 27 नवंबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अलवर की टीम का चयन होगा। आयोजन सचिव आशीष शर्मा ने बताया प्रतियोगिता में पुरुष एकल, महिला एकल, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक-बालिका एकल तथा युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी।

अंडर-19 वर्ग में 1 जनवरी 2008 या उसके बाद तथा अंडर-17 वर्ग में 1 जनवरी 2010 या उसके बाद जन्में खिलाड़ी पात्र होंगे।

विंग्स ओवर गेंजेस का सीधा प्रसारण जल महल पर 25 अक्टूबर को

राफेल, तेजस, मिराज सहित सूर्य किरण एरोबेटिक एवं सारंग हेलीकॉप्टर टीम होंगी मुख्य आकर्षण का केंद्र



संचार जगत

जयपुर। भारतीय वायुसेना के 94 वें स्थापना दिवस पर वाराणसी उत्तर प्रदेश के नमो घाट पर होने वाले विंग्स ओवर गेंजेस एरियल डिस्प्ले का सीधा प्रसारण रविवार 25 अक्टूबर, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से जल महल जयपुर पर होगा। एयर फोर्स स्टेशन जयपुर के स्टेशन कमांडर ने बताया कि इस अवसर पर 100 एयरक्राफ्ट्स, 52 फाइटर्स 15 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट्स, 32 हेलीकॉप्टर्स और एक हेरिटेज एयरक्राफ्ट 12 अलग अलग एयर बेसिस से उड़ान भरकर वाराणसी के नमो घाट के ऊपर हवाई प्रदर्शन करेंगे। इसमें राफेल, एसयू 30एम के1,तेजस ,मिराज 2000, जैगवार ,एमआईजी -29 सहित सूर्य किरण एरोबेटिक टीम व सारंग हेलीकॉप्टर टीम हवाई प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगी।

चूरू में हुए सड़क हादसे पर राज्यपाल की शोक संवेदना

संचार जगत

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने चूरू के सादुलपुर में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

अपनी संस्कृति और भाषा को सहेजकर रखना हम सभी का कर्तव्यः वासुदेव देवनानी

राजमंदिर में आज रविवार को प्रदर्शित होगी राजस्थानी फिल्म 'माँ', देवनानी ने फिल्म की पूरी यूनिट को दी शुभकामनाए

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान की कला, संस्कृति और भाषा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बनी राजस्थानी फिल्म 'माँ' का प्रदर्शन रविवार को जयपुर के प्रसिद्ध राजमंदिर सिनेमाघर में किया जाएगा। फिल्म के पोस्टर का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने फिल्म की पूरी यूनिट को शुभकामनाएं दीं और राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का आह्वान किया। श्री विश्वकर्मा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह फिल्म सामाजिक, संगीतमय और पारिवारिक संदेशों पर आधारित है। फिल्म की सरल भाषा और पारिवारिक विषयवस्तु के माध्यम से दर्शकों तक सामाजिक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर वासुदेव देवनानी ने कहा कि 'राजस्थान की अपनी कला और संस्कृति अपनी ही होती है और



उसे सहेजकर रखना हम सभी का कर्तव्य है।' उन्होंने भामाशाह, ब्रह्मलीन गौसेवी संत पदमाराम कुलरिया और नेमीचंद शर्मा के सहयोग से बनी फिल्म 'माँ' की सफलता की कामना की। साथ ही फिल्म के मुख्य अभिनेता राज जांगिड के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं देवनानी ने राजस्थान रॉयलवुड फिल्म इंडस्ट्रीज ग्रुप की ओर से एशिया के प्रसिद्ध राजमंदिर सिनेमाघर में प्रत्येक रविवार को राजस्थानी कला, संस्कृति, भाषा और स्थानीय प्रतिभाओं से जुड़ी फिल्मों को दोबारा प्रदर्शित करने की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से राजस्थान की प्रतिभाओं को पहचान मिलती है और स्थानीय भाषा व संस्कृति को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। फिल्म में अपनी अतिथि भूमिका को लेकर देवनानी ने कहा कि भले ही उनकी भूमिका केवल तीन मिनट की है, लेकिन देश की शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने की दिशा में कुछ अच्छा योगदान दे पाना उनके लिए गर्व की बात है।

पद्म ग्रुप ऑफ कंपनीज की प्रस्तुति

फिल्म 'माँ' पद्म ग्रुप ऑफ कंपनीज की प्रस्तुति है। इसके निर्माता स्वर्गीय नेमीचंद शर्मा और सुमेरमल सुथार हैं, जबकि सह-निर्माता ओमप्रकाश सुथार हैं। फिल्म के लेखक-निर्देशक स्वर्गीय गोपालकृष्ण योगेश और संगीतकार आसिफ चांदवानी हैं। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में राज जांगिड, भानी सिंह, क्षितिज कुमार, मंजुला, दीपेन्द्र सिंह, दीपक मीणा (पन्या सेपट), राजेश जांगिड, हरीश चौधरी, रोंकी एस. संतोष, अनिल दाधीच, आदित्येन्द्र शर्मा और युधिष्ठिर सिंह भाटी सहित अन्य कलाकार नजर आएंगे।

नवम हाड़ौती गौरव सम्मान 2027 के कार्यक्रम संयोजक बने के.के. शर्मा कमल

5 जनवरी को कोटा में होगा आयोजन, कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ की प्रतिभाओं का होगा सम्मान

संचार जगत

कोटा। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी, कोटा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले नवम हाड़ौती गौरव सम्मान 2027 के लिए के.के. शर्मा कमल को कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया गया है। सोसायटी के समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनके नाम पर सहमति जताते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम का आयोजन 5 जनवरी 2027 को संभागीय मुख्यालय कोटा में किया जाएगा। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसाइटी की कोर कमेटी की शनिवार को आयोजित बैठक में केके शर्मा कमल के नाम की घोषणा की ।आयोजन में हाड़ौती अंचल के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी की ओर से आयोजित इस सम्मान समारोह का उद्देश्य हाड़ौती क्षेत्र की प्रतिभाओं को पहचान दिलाना, समाजसेवा के कार्यों को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, साहित्य, खेल और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना है। समारोह में कोटा, बूंदी, बारां एवं झालावाड़ जिलों की प्रतिभाओं को विभिन्न सम्मान श्रेणियों में चयनित कर सम्मान प्रदान किया जाएगा। सम्मान के लिए बाल प्रतिभा, शिक्षा, सेवा, संस्कार, स्वच्छता, उत्कृष्ट सेवा, जनसेवा, जन स्वास्थ्य, रक्तदान, बाल विकास, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय सुरक्षा, चिकित्सा, साहित्य, कवि, योग, सांस्कृतिक गतिविधियों आदि।

राजस्थान में स्वच्छ-सुलभ सार्वजनिक परिवहन को पीएम ई-बस से मिल रही नई गति

राज्य के 9 शहरों के लिए 1150 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत, अब तक मिली 250 ई-बस

50 डबल डेकर ई-बसें प्राप्त करने की चल रही प्रक्रिया

संचार जगत

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में संचालित पीएम ई-बस सेवा योजना देश के शहरी परिवहन क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव का आधार बन रही है। इससे स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिल रहा है।

राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, इलेक्ट्रिक बसों के संचालन तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य हो रहा है।

पीएम ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत प्रारंभ में राजस्थान के आठ शहरों के लिए कुल 675 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई थी।

परंतु राज्य सरकार के विशेष प्रयासों और मजबूत प्रबंधन के चलते प्रदेश के लिए अतिरिक्त बसें स्वीकृत कराई गई है, जिससे राजस्थान के लिए कुल 1150 ई-बसें मंजूर हो चुकी हैं। जयपुर के लिए 550, जोधपुर के लिए 125, अजमेर एवं कोटा के लिए 100-100, बीकानेर के लिए 75, भीलवाड़ा, अलवर, उदयपुर और सीकर के लिए 50 ई-बसें स्वीकृत की गई हैं।

राज्य को अब तक 250 ई-बसें प्राप्त हो चुकी हैं। इनमें से 103 बसें जयपुर के लिए जेसीटीएसएल को मिली हैं। 58 बसों का संचालन बगराना डिपो से किया जा रहा है जबकि शेष बसों का संचालन टोडी डिपो से शीघ्र ही प्रारम्भ किया जाएगा।

सीसीटीवी, पैनिक बटन जैसी तकनीकों से सुसज्जित हैं ई-बसें

अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित ये ई-बसें वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों के लिए किफायती और आरामदायक सफर सुनिश्चित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वहीं, बसों में लगे सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और सुरक्षा उपकरणों से महिला सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

डिपो एवं चार्जिंग इन्फ्रा विकसित करने पर फोकस

बजट घोषणा 2025-26 की अनुपालना में बाकी 450 ई-बस और 50 डबल डेकर ई-बस प्राप्त करने की प्रक्रिया जेसीटीएसएल द्वारा की जा रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल बसों की खरीद और उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसी संपूर्ण व्यवस्था तैयार करने पर है, जिससे बसों का नियमित संचालन हो और यात्रियों को सुलभ सार्वजनिक परिवहन सेवा मिल सके।

इसी दिशा में सरकार द्वारा बसों की उपलब्धता के साथ-साथ बस डिपो, चार्जिंग स्टेशन, विद्युत कनेक्शन और संचालन संबंधी व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जयपुर में बगराना, टोडी मोड़ और सांगानेर में ई-बसों के सुगम संचालन के लिए डिपो बनाए गए हैं।

इसके अतिरिक्त गोनेर के नजदीक रलावता, अजमेर रोड पर खटवाड़ा और दिल्ली रोड पर अचरोल में डिपो के लिए राज्य सरकार द्वारा भूमि आवंटित की जा चुकी है।

खैरथल में आज लगेगा निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

संचार जगत

खैरथल। श्री महावर वैश्य सभा खैरथल की ओर से आज रविवार, 25 अक्टूबर को निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रजत गोयल (एमएस ऑर्थो) मरीजों की जांच कर उचित चिकित्सकीय परामर्श देंगे। शिविर मातौर रोड स्थित श्री महावर वैश्य भवन, खैरथल में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। इस दौरान हड्डियों की जांच के साथ ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) की जांच निःशुल्क की जाएगी। आयोजकों ने बताया कि शिविर में आने वाले मरीज अपनी पुरानी चिकित्सकीय पर्चियां एवं एक्स-रे रिपोर्ट साथ लेकर आएं, ताकि चिकित्सक को उपचार संबंधी जानकारी मिल सके। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना है।*

इमैनुएल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 48वाँ वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

संचार जगत

अलवर। इमैनुएल मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अलवर का 48वाँ वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, कला, संगीत एवं नृत्य की मनमोहक छंटा बिखेरी। विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज कुमार शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी, अलवर रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूनम गोयल, पूर्व सीडीईओ, शिक्षा विभाग, अलवर, गजराज गौर, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, अलवर; राजेश यागिक, प्रदेश अध्यक्ष, बंधुआ मुक्ति मोर्चा; उपस्थित रहे। वहीं, सम्मानित अतिथियों में रेणु गुप्ता, अधिवक्ता एवं अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, अलवर; डॉ. जोसेफ राज, प्राचार्य, शालोम इंग्लिश मीडियम स्कूल, राजगढ़ तथा सुदर्शन अरोड़ा, पार्षद, अलवर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों, नैतिक मूल्यों एवं सर्वांगीण विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय का यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने तथा उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और रचनात्मकता विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

दीपावली से पूर्व जगमग होगा अपना अजमेर शहर के 80 वार्डों में लगेगी 3 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाईटें: देवनानी

वासुदेव ने किया शनिवार को इण्डिया मोटर सर्किल, ठठेरा चौक, ऊसरी गेट, शनि मन्दिर एवं शिव मन्दिर क्षेत्रों में हाईमास्ट लाइटों का शुभारम्भ

संचार जगत

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवननी ने कहा कि दीपावली से पूर्व अजमेर शहर की रोशनी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। इसके तहत अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में लाखो रूपये की लागत से चौराहों पर हाईमास्ट एवं मिनी हाईमास्ट लाईटें लगाई जा रही है। इसके साथ ही शहर के 80 वार्डों में 3 हजार से ज्याादा अतिरिक्त स्ट्रीट लाईटें लगाई जा रही है। इसके साथ ही पुष्कर रोड़ एवं जयपुर रोड़ पर हैरीटेज पोल और हैरीटेज लाईटस् के जरिये सौदर्यीकराण किया जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को इण्डिया मोटर सर्किल, शनि मन्दिर, ठठेरा चौक, शिव मन्दिर और ऊसरी गेट क्षेत्र में हाईमास्ट लाईटों का शुभारम्भ किया। अजमेर विकास



प्राधिकरण द्वारा 12 हाईमास्ट एवं 19 मिनी हाईमास्ट लाईटें तथा नगर निगम द्वारा 13 हाईमास्ट एवं 3 मिनी हाईमास्ट लाईटें लगाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम और एडीए को निर्देश दिए गए है कि दीपावली से पूर्व अजमेर उत्तर क्षेत्र में सभी सड़कों और चौराहों पर रोशनी के पर्याप्त इंतजाम हों। विभिन्न चौराहों पर हाईमास्ट व मिनी हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएं। वार्डों में स्ट्रीट लाइटें लगाएं। हैरीटेज पोल व लाइट्स का काम पंद्रह दिन में पूरा कर लिया जाएं। आवश्यकता वाले प्रमुख चौराहों पर हाईमास्ट एवं मिनी हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएं। इसके साथ ही विभिन्न वार्डों में आवश्यकता के अनुसार करीब 3 हजार नई स्ट्रीट लाइटें लगाने की कार्यवाही की जाएं।

उन्होंने कहा कि अजमेर नगर निगम को निर्देश दिए गए थे कि दीपावली से पहले लोहाखान टैम्पो स्टैण्ड, इंडिया मोटर्स सर्किल, शनि मंदिर वैशाली नगर, लवकुश गार्डन, पसंद नगर कोटड़ा, शिव मंदिर रेम्बल रोड़, ऊसरी गेट, ठठेरा चौक, पंचोली चौराहा व अन्य क्षेत्रों में हाईमास्ट व मिनी हाईमास्ट लाइटें लगाई जाएं। ऋषि उद्यान से अद्वैत आश्रम तक निगम द्वारा हैरीटेज लाइट व डेकोरेटिव पोल लगाए जाएं। इसी तरह सर्किट हाउस व जयपुर रोड़ पर भी नगर निगम लाईटे लगवाई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेरिटेज लाइटिंग का शेष कार्य आगामी 15 दिनों में पूरा कर लिया जाए।

इन सभी निर्देशों पर लगातार काम जारी है उन्होंने कहा कि नगर निगम को निर्देश दिए गए है कि एलीवेटेड रोड के नीचे त्यौहार पर आकर्षक लाईटिंग की जाए। शहर के 80 वार्डों में निगम द्वारा 3 हजार से अधिक लाईटें लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता बढ़ाने के साथ रात्रिकालीन यातायात एवं सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक प्रकाश व्यवस्था आवश्यक है। विधानसभा अध्यक्ष ने अजमेर विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि पुष्कर रोड़ पर डेकोरेटिव पोल व हाईमास्ट लाईट का काम भी दीपावली से पहने पूर्ण हो। इसी तरह योजना क्षेत्रों में सभी लाइटों की जांच हो एवं बंद लाईटों को चालू कराया जाए। एडीए क्षेत्र की हाइमास्ट लाईटें व मिनी हाईमास्ट लाईटें चालू रखी जाएं। उन्होंने कहा कि दीपावली से पहले सभी आवश्यक प्रकाश व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कमियों को तत्काल दूर किया जाए।

खराब एवं बंद स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के साथ जरूरत वाले स्थानों पर नई लाइटें लगाई जाएं। उन्होंने निगम एवं एडीए अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर अनामिका शर्मा, पार्षद अनीश गोयल, प्रवीण जैन, अरविंद यादव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।


सार्वजनिक परिवहन की तस्वीर बदलने की तैयारी



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में सार्वजनिक परिवहन की तस्वीर बदलने की तैयारी है। प्रदेश के 9 शहरों के लिए एक हजार 150 इलेक्ट्रिक बसें मंजूर की गई हैं, जिनमें से अब तक 250 ई-बसें राज्य को मिल चुकी हैं। इनमें से जयपुर को अब तक 103 इलेक्ट्रिक बसें मिल गई हैं, जबकि आने वाले समय में 450 और ई-बसों के साथ 50 डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसें लाने की प्रक्रिया भी चल रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार का दावा है कि इस योजना से शहरों में प्रदूषण कम करने और लोगों को आधुनिक, किफायती और सुविधाजनक सफर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इन बसों में सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और सुरक्षा से जुड़े आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिससे यात्रियों, खासकर महिलाओं की सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जा सके। जयपुर में फिलहाल 58 बसें बगराना डिपो से संचालित हो रही हैं, जबकि बाकी बसों का संचालन टोडी डिपो से शुरू करने की तैयारी है। इसके अलावा नए डिपो और चार्जिंग स्टेशन विकसित करने पर भी काम किया जा रहा है। सरकार के अनुसार, बस डिपो के सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 53 करोड़ रुपये से ज्यादा और चार्जिंग और विद्युत सुविधाओं के लिए 60 करोड़ रुपये से अधिक की राशि केंद्र सरकार ने स्वीकृत की है।

करणी माता की गाथा उभरेगी बड़े पर्दे पर



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान की आराध्य लोकदेवी मां करणी माता की गाथा अब बड़े पर्दे पर दिखाई देगी। उनके जीवन और आध्यात्मिक विरासत पर आधारित फिल्म कर्णिका का ऐलान किया गया है। इस फिल्म का निर्माण टी-सीरीज और राज शांडिल्य की कथावाचक फिल्म्स मिलकर कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा मां करणी माता के 639वें जन्मोत्सव के अवसर पर की गई। उन्होंने इसका पहला लुक भी जारी किया है, जिस पर लिखा है मां एक, रूप अनेक, जय मां करणी। फिल्म की शूटिंग राजस्थान के देशनोक, बीकानेर और जोधपुर में की जाएगी। देशनोक में स्थित करणी माता का प्रसिद्ध मंदिर देश-विदेश में अपनी अनूठी धार्मिक मान्यताओं के लिए जाना जाता है। मां करणी माता को राजस्थान में श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा जाता है और भक्त उन्हें हिंगलाज माता का अवतार मानते हैं। फिल्म के जरिए उनकी आध्यात्मिक विरासत और उनसे जुड़ी आस्था को बड़े पर्दे पर पेश किया जाएगा। फिल्म की शूटिंग 2027 की शुरुआत में शुरू होने की योजना है और इसी साल रिलीज करने का लक्ष्य रखा गया है।

सीएम भजनलाल शर्मा का भ्रष्टाचार पर प्रहार

27 अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन की दी मंजूरी

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ सख्त कार्रवाई करते हुए 27 अधिकारियों के विरुद्ध 21 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कृषि भूमि का अकृषि प्रयोजनार्थ नियम विरुद्ध रूपांतरण एवं भू-उपयोग परिवर्तन कर राज्य सरकार को हानि पहुंचाने के मामलों में संबंधित उपखंड अधिकारी के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति दी है। वहीं, पद का दुरुपयोग कर नियम विरुद्ध खातेदारी भूमि का दावा डिक्री करवाने तथा अवैध परितोषण प्राप्त करने के प्रकरणों में एक अन्य उपखण्ड अधिकारी के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति का अनुमोदन किया गया है। इसी तरह भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त होने, अवैध राशि प्राप्त कर आय से अधिक परिसंपत्तियां अर्जित करने पर तत्कालीन पुलिस उप अधीक्षक के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति दी गई है। विभिन्न विभागों के मामलों में भी सख्त निर्णय मुख्यमंत्री ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के 5, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 3, वाणिज्यिक कर विभाग के 2 तथा चिकित्सा विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, देवस्थान विभाग, इंदिरा गांधी नहर परियोजना व सहकारिता विभाग के 1-1 प्रकरण में अभियोजन स्वीकृति जारी की है। इसके अतिरिक्त राजस्थान लेखा सेवा के एक अधिकारी तथा एक विकास अधिकारी के विरुद्ध भी अभियोजन स्वीकृति का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

राजभवन ने खबरों का किया खंडन

संचार जगत



तिरुवनंतपुरम। केरल लोक भवन ने उन खबरों का खंडन किया है, जिनमें राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर के आधिकारिक आवास पर मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी। लोक भवन ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध केवल राज्यपाल के लिए भोजन तैयार करने वाली रसोई पर लागू था, जो कि पूर्णतः शाकाहारी हैं। अधिकारियों ने बताया कि लोक भवन के कर्मचारियों या अन्य लोगों के भोजन विकल्पों पर कोई प्रतिबंध नहीं है। वे अपनी पसंद का भोजन लाने और खाने के लिए स्वतंत्र हैं। यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बाद उठे राजनीतिक विवाद के बीच आया है, जिनमें कहा गया था कि माथुर ने राज्यपाल आवास पर मांसाहारी भोजन न पकाने और न परोसने का निर्देश दिया है। इन खबरों की सत्ताधारी कांग्रेस और विपक्षी सीपीआई-एम दोनों ने कड़ी आलोचना की थी। दोनों दलों के नेताओं ने राज्यपाल पर संघ परिवार के एजेंडे को लागू करने का आरोप लगाया।

व्यापारियों ने राहुल गांधी से की रैली टालने की मांग

संचार जगत



नई दिल्ली। दिल्ली में त्योहारी सीजन के बीच व्यापारिक संगठनों और कारोबारियों ने कांग्रेस की एक नवंबर की प्रस्तावित रैली को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि पिछले कुछ महीनों से लगातार धरना-प्रदर्शनों और सड़कों पर अवरोध की वजह से व्यापार पहले ही प्रभावित हो चुका है और यदि त्योहारों के दौरान एक और बड़ी रैली होती है तो बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही और कम हो सकती है। व्यापारियों के अनुसार हाल के महीनों में दिल्ली में हुए प्रदर्शनों और रैलियों के कारण व्यापार को लगभग 4 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में दूसरे राज्यों से थोक खरीदार और कारोबारी दिल्ली आते हैं, लेकिन जब रैलियों और प्रदर्शनों के कारण यातायात प्रभावित होता है तो कई लोग दिल्ली आने से बचते हैं। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर एक नवंबर को रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली को 10 नवंबर के बाद आयोजित करने का अनुरोध किया है।

जयपुर जंक्शन पर अब बिना टिकट एंट्री नहीं



संचार जगत

जयपुर। जयपुर जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने की तैयारी की है। अब स्टेशन में प्रवेश के लिए टिकट जरूरी होगा और व्यवस्था संभालने के लिए अस्सी होमगार्ड तैनात किए जाएंगे। एक नवंबर से स्टेशन के हसनपुरा साइड स्थित बिल्डिंग से एग्जिट की व्यवस्था लागू होगी। इस बदलाव का उद्देश्य स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करना और यात्रियों की आवाजाही को व्यवस्थित बनाना है।

एससीबी ड्रग तस्करी पर सख्त, मीटिंग में जॉइंट स्ट्रेटेजी को किया मजबूत

संचार जगत



जयपुर। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की राजस्थान के लिए 2026 की तीसरी तिमाही की राज्य-स्तरीय संयुक्त समन्वय समिति बैठक आयोजित की गई। इसमें खुफिया जानकारी साझा करने, वित्तीय जांच और समन्वित प्रवर्तन को मजबूत करने पर चर्चा की गई। एनसीबी पश्चिमी क्षेत्र के डीडीजी और राजस्थान के आईजी एएनटीएफ की संयुक्त अध्यक्षता में हुई इस बैठक में एनआईए, ईडी, डीआरआई, सीबीएन, कस्टम्स, आयकर विभाग, आईबी, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, ड्रग कंट्रोलर कार्यालय, राज्य एएनटीएफ और अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। बैठक में विभिन्न एजेंसियों के बीच तालमेल मजबूत करने, एनडीपीएस से जुड़े अहम मामलों की समीक्षा करने, ड्रग तस्करी नेटवर्क, अवैध प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ करने, बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की जब्ती, बार-बार अपराध करने वालों को मिली जमानत की निगरानी करने, अफीम और पोस्ता भूसे के अवैध डायवर्जन को रोकने और नशा मुक्ति केंद्रों की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त पूछताछ और खुफिया जानकारी साझा करके ड्रग तस्करी करने वाले गिरोहों को खत्म करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही, नारकोटिक्स कंट्रोल विजन डॉक्यूमेंट के तहत तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रवर्तन उपायों में तेजी लाने की बात कही गई। चर्चा के दौरान, विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों ने अंतर-राज्यीय और अंतर-एजेंसी संबंधों पर आगे की कार्रवाई से जुड़े मुद्दों पर बात की।

राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम के लिए दल रवाना

संचार जगत



जयपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रसेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता एवं सांस्कृतिक एकता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजस्थान का सात सदस्यीय दल राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना हुआ। यह कार्यक्रम कल से 31 अक्टूबर तक हरियाणा के पलवल जिले के गदपुरी में होगा। कार्यक्रम में राजस्थान से तीन स्वयंसेवक, तीन स्वयंसेविकाएं और एक कार्यक्रम अधिकारी भाग लेंगे। दल की रवानगी के अवसर पर राजा रामदेव पोदार सी. सै. स्कूल के सभागार में समारोह हुआ जिसमें अतिथियों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए दल को रवाना किया। ये सभी विद्यार्थी राष्ट्रीय मंच पर राजस्थान की युवा शक्ति, प्रतिभा एवं सेवा भावना का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पत्नी के केस से परेशान युवक ने किया सुसाइड

जयपुर। युवक के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। युवक कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतक पर पत्नी ने पुलिस केस कर रखा था। इसके चलते वह परेशान चल रहा था। जामडोली थाना पुलिस ने हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवाकर शनिवार दोपहर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के पास सुसाइड नोट मिलने की बात से इनकार किया है। एसएचओ रतन सिंह ने बताया- जामडोली के रहने वाले लेखराज मीणा ने सुसाइड किया है। लेखराज प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था। शुक्रवार शाम करीब 7 बजे लेखराज पहली मंजिल पर स्थित अपने कमरे में गया था। कमरे में रस्सी का फंदा लगाकर लेखराज ने सुसाइड कर लिया। करीब आधे घंटे बाद परिजन उसे बुलाने पहुंचे। कमरे में लेखराज फंदे से लटका मिला।

सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत 18 घायल



संचार जगत

जयपुर। बगरू इलाके में जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर महाराष्ट्र से श्रद्धालुओं को ले जा रही एक यात्री वैन की एक ट्रेलर ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना तड़के लगभग शुक्रवार और शनिवार मध्य रात्रि को हुई, जब वैन बगरू ओवरपास से नीचे उतर रही थी। वैन में महाराष्ट्र के नासिक से 28 श्रद्धालु सवार थे, जो जयपुर से चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ मंदिर जा रहे थे। बगरू पुलिस स्टेशन के एसएचओ चंद्रभान ने बताया कि वैन आगे चल रहे ट्रेलर ट्रक से टकरा गई। तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 18 अन्य घायल हो गए। घायलों को जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। उनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

कॉलेज स्टूडेंट का किडनैप 7 लाख की मांगी फिरौती

संचार जगत



जयपुर। जयपुर में कॉलेज स्टूडेंट को किडनैप कर 7 लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग के रुपयों की वसूली के लिए नील किशोर को 10 दिन तक फ्लैट में बंधक बनाकर पीटा। फिर स्कॉर्पियो में डाल कर हरियाणा ले गए। पीड़ित नील किशोर घेटिया, नासिक का निवासी है और जयपुर से बीबीए कर रहा है। प्रताप नगर थाना पुलिस ने शनिवार तड़के भिवानी में दबिश देकर स्टूडेंट को मुक्त कराया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी नवीन नायक और भागीरथ भिवानी के रहने वाले हैं। पीड़ित स्टूडेंट को हरियाणा के भिवानी से छुड़ाकर वारदात में इस्तेमाल स्कॉर्पियो जब्त की है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। डीसीपी रंजिता शर्मा ने बताया कि तकनीकी इनपुट और मोबाइल लोकेशन की मदद से आरोपी नवीन नायक और भागीरथ निवासी भिवानी हरियाणा को अरेस्ट किया गया। किडनैप कॉलेज स्टूडेंट को सुरक्षित छुड़ाया।

दूदू के सोलर-प्लांट में लगी आग से करोड़ों का नुकसान

संचार जगत



दूदू। जयपुर जिले के दूदू में जयपुर-अजमेर हाईवे पर नगर पालिका क्षेत्र स्थित ग्रुप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की सोलर कंपनी की प्रोडक्शन यूनिट में शुक्रवार शाम भीषण आग लग गई। आग लगने के 12 घंटे बाद भी इस पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। आग से करोड़ों रुपए के नुकसान का अनुमान है, हालांकि राहत की बात यह है कि प्लांट में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई। एएसपी दूदू शिवलाल बैरवा ने बताया कि 20 से अधिक दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए। दमकल गाड़ियां कई-कई फेरे लगा चुकी हैं। राहत की बात यह है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। नुकसान का वास्तविक आकलन आग बुझने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। शुरुआती तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया और प्लांट के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया।

रंग दे गुलाबी 2.0 अभियान

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने स्कूली बच्चों संग थामा ब्रश



संचार जगत

जयपुर। गुलाबी नगरी की ऐतिहासिक पहचान और सौंदर्य को निखारने के उद्देश्य से चलाए जा रहे रंग दे गुलाबी 2.0 अभियान में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का एक अनूठा और प्रेरक अंदाज देखने को मिला। नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा संचालित इस अभियान के तहत कर्नल राठौड़ ने झोटवाड़ा वैशाली नगर जोन के वार्ड संख्या 27 में पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्कूली विद्यार्थियों के साथ स्वयं हाथों में ब्रश थामकर दीवारों पर रंग-रोगन किया। उनको बच्चों और आम नागरिकों के बीच सामान्य कार्यकर्ता की भांति दीवारें रंगते देख स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर कर्नल राठौड़ ने कहा कि किसी भी शहर का वास्तविक सौंदर्य केवल सरकारी तंत्र के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए हर नागरिक के भीतर अपनेपन और सामूहिक जिम्मेदारी का भाव जाग्रत होना आवश्यक है। कार्यक्रम में झोटवाड़ा क्षेत्र के स्कूली बच्चों की सक्रिय भागीदारी मुख्य आकर्षण रही। राठौड़ ने नन्हे विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें अपने परिवेश को साफ-सुथरा और स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया।

जयपुर एयरपोर्ट पर आज से नया विंटर शेड्यूल



संचार जगत

जयपुर। जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आज से नया विंटर शेड्यूल लागू हो रहा है। इसके तहत यहां से रोजाना लगभग 72 उड़ानों का संचालन किया जाएगा। इस नए टाइम टेबल के आने से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जाने वाले यात्रियों को उड़ानों के ज्यादा विकल्प मिलेंगे। साथ ही जोधपुर के लिए भी एक बार फिर से सीधी फ्लाइट सेवा शुरू होने जा रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी यात्रियों को राहत देते हुए दुबई की दोनों फ्लाइट्स के समय में फेरबदल किया गया है। वहीं 17 नवंबर से बैंकॉक के लिए सीधी हवाई यात्रा भी दोबारा शुरू हो जाएगी। तड़के कोलकाता से लेकर देर रात मुंबई और बेंगलुरु की फ्लाइट्स के साथ अब प्रमुख शहरों के लिए हवाई सफर काफी आसान और सुविधाजनक होने वाला है।

जमीन के सौदे में 11 करोड़ हड़पे

जयपुर। जयपुर में जमीनी सौदा कर 11 करोड़ रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। आवासीय योजना का प्लान तैयार कर कृषि भूमि का एमओयू किया गया था। रुपए दिए बिना ही जमीन बेचकर जेडीए पट्टे जारी करवा लिए। सांगानेर सदर थाने में पीड़ित की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने बताया- सांगानेर के वाटिका निवासी चिरंजी लाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। सांगानेर के रामसिंहपुरा में उनके परिवार की 25.14 बीघा कृषि भूमि है। पीड़ित चिरंजी लाल का आरोप है कि साल-2023 में परिचित विजय सिंह ने जेडीए से आवासीय योजना के लिए जय इंफ्राटेड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अभिमन्यु सिंह से मिलवाया। जमीन के बारे में दोनों पक्षों की बातचीत करवाकर नवम्बर-2023 में एमओयू करवाया गया।

दिया कुमारी ने की भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन की अपील

संचार जगत



नागौर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने नागौर जिले की डेगाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भैरुन्दा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आगामी पंचायती राज चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति देने और ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ग्रामीण विकास, जनकल्याण और सुशासन को प्राथमिकता देकर कार्य कर रही है । उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांवों में विकास के नए अवसर सृजित करना, ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और राजस्थान को प्रगति एवं समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ाना है। जनसभा के दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही, आगामी पंचायती राज चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना, पूर्व प्रधान जसवंत सिंह थाटा, चुनाव प्रभारी जुगल किशोर , मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह, प्रत्याशी प्रीति हुकमाराम, इंद्रदीप सिंह जी ईडवा, गोपाल ईडवा, विनय , सुरेश मेवड़ा, पंकज दिवाकर, प्रत्याशी बालाराम, पुखराज, प्रभुराम, मनीष, कमलनाथ व रघुवीर लक्ष्मण राव, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

संपादकीय

भारत-अमरीका तेल गठबंधन

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप अचानक इतने विनम्र और दोस्ताना क्यों हो गए हैं? भारत के लिए अच्छी-अच्छी बातें करने लगे हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि भारत के साथ व्यापार-समझौता जरूर होगा। ट्रंप लगातार बयान देते रहे हैं कि यह समझौता अंतिम चरण में है। अमरीकी राष्ट्रपति ने अपने प्रतिनिधि के तौर पर विदेश मंत्री एवं राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रूबियो को भारत भेजा। तीन दिन के प्रवास के दौरान रूबियो ने भारत को 'रिफाइनिंग सुपरपॉवर' करार दिया। उन्होंने रिलायंस चेयरमैन मुकेश अंबानी के अलावा अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन सरीखे शीर्ष उद्योगपतियों से मुलाकातें कीं। यह कमर्शियल कूटनीति का स्पष्ट संकेत है। अमरीकी विदेश मंत्री को रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी तक जाना पड़ा, क्योंकि वह जानते हैं कि वेनेजुएला के सल्फर-बहुल, भारी, निम्न दर्जे के कच्चे तेल का शोधन जामनगर रिफाइनरी ही कर सकती है। रिफाइनिंग के क्षेत्र में भारत अमरीका, चीन, रूस के बाद चौथा सक्षम देश है और जामनगर समेत भारत की 23 रिफाइनरियां दुनिया में 21 फीसदी से अधिक भागीदारी निभा रही हैं। अमरीका और यूरोप भारत के पेट्रो उत्पादों-डीजल, पेट्रोल, विमान ईंधन आदि-के बड़े खरीददार हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था और प्रभुत्व का यह नया चेहरा तब सामने आया है, जब अमरीकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने राष्ट्रपति ट्रंप की इच्छा जाहिर की है कि तेल के क्षेत्र में भारत-अमरीका गठबंधन बनाया जाए। भारत अमरीका का रणनीतिक साझेदार तो है, लेकिन भारत अपनी तेल-जरूरतों की पूर्ति अमरीका के जरिए कर सकता है। इस तरह अमरीका भारत के साथ संबंधों को नया आधार, आयाम और नई मजबूती देने का पक्षधर है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 100 फीसदी टैरिफ थोपने वाला कानून फिलहाल ठंडे बस्ते में रख दिया है, क्योंकि खुद अमरीका रूस से डीजल का आयात कर रहा है। नए परिदृश्य में हमने अमरीका से जनवरी-सितंबर में करीब 1.28 लाख बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन खरीदा था, लेकिन अक्तूबर में यह आयात घटा कर करीब 91,000 बैरल करना पड़ा। अमरीकी तेल कई दिनों बाद सप्लाई होता है और परिवहन की लागत के कारण महंगा भी पड़ रहा था। भारत अमरीका से 8 अरब डॉलर से अधिक का तेल आयात करता है। बहरहाल भारत ने रूस से तेल का आयात जारी रखा है, लेकिन खाड़ी देशों पर निर्भरता काफी कम कर दी है। ईरान युद्ध और समुद्री मार्ग की नाकेबंदी बुनियादी वजह हो सकती है। चूंकि वेनेजुएला दुनिया में सबसे बड़ा तेल-उत्पादक और निर्यातक देश है, उस पर अब अमरीका का कब्जा है, लिहाजा विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने विकल्प रखे हैं कि भारत अब रूस के बजाय अधिकतम तेल अमरीका से ही आयात करे।

अपनों के बीच रहते हुए भी अकेलापन

जाने अनजाने में ही सही, कहने या न कहने से ही सही, यह अकेलापन खोखलाती जिदंगी की हकीकत बन चुका है। अक्सर लोग अपने परिवार या दोस्तों के बीच भी खुद को अजनबी सा महसूस करते हैं। पारिवारिक या सामाजिक समारोहों में कई ऐसे मिल जाएंगे जो पारिवारिक सदस्यों से दूर एकांत में खुद में गुम होते दिख जाते हैं। अकेलापन यह नहीं है कि आपके आस-पास कौन नहीं है, बल्कि यह इस बात का अहसास है कि आपके पास कोई होकर भी नहीं है।



बदलती जीवन शैली में आज हर व्यक्ति अपनों के बीच रहते हुए भी खुद को अकेला महसूस कर रहा है। तनाव, हैरानी, परेशानी और भागदौड़ भरी ज़िंदगी के दौर में इंसान भीड़ में रहते हुए भी तन्हा महसूस कर रहा है। यह बात भले ही अजीब सा लगे किंतु है सच। हर कोई खुद को तन्हा, अकेला सा पाता है, सब कुछ होते हुए भी। गाड़ी, बंगला, घर परिवार होते हुए भी अकेला गुमसुम सा रहता है। काम के दौरान हो या फिर खाली बैठे मोबाइल में सोशल मीडिया की रीलों को देखते हुए समय व्यतीत करना, घर में परिवार के साथ रहते हुए अकेलापन या फिर बिस्तर पर लेटे हुए छत को निहारते हुए उसमें खो जाना, बिना काम के व्यस्त रहने की यह बीमारी हर किसी को लगी हुई है। जाने अनजाने में ही सही, कहने या न कहने से ही सही, यह अकेलापन खोखलाती जिदंगी की हकीकत बन चुका है। अक्सर लोग अपने परिवार या दोस्तों के बीच भी खुद को अजनबी सा महसूस करते हैं। पारिवारिक या सामाजिक समारोहों में कई ऐसे मिल जाएंगे जो पारिवारिक सदस्यों से दूर एकांत में खुद में गुम होते दिख जाते हैं। अकेलापन यह नहीं है कि आपके आस-पास कौन नहीं है, बल्कि यह इस बात का अहसास है कि आपके पास कोई होकर भी नहीं है। बदलती जीवन शैली का यह असर है या सबसे बड़ी विडंबना कि हम पहले से कहीं अधिक जुड़े हुए हैं, लेकिन अंदर से उतने ही कटे हुए भी हैं। घर में परिजनों के साथ बैठे हों, दफ़्तर में सहकर्मियों से घिरे हों या सोशल मीडिया पर हज़ारों दोस्तों की लिस्ट हो, फिर भी एक अजीब सी तन्हाई इंसान को अंदर ही अंदर कचोटती रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में लगभग हर 6 में से 1 व्यक्ति अकेलापन महसूस करता है। उसके मुताबिक, अकेलापन और सामाजिक अलगाव एक ही चीज नहीं हैं। अकेलापन इस बात से जुड़ा है कि व्यक्ति को अपने रिश्तों में जितना जुड़ाव चाहिए, उसे उतना महसूस नहीं हो रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार अकेलापन मानसिक और शारीरिक सेहत को प्रभावित कर सकता है। इसलिए इसे कमजोरी मानने के बजाय गंभीरता से समझना जरूरी है। मनोवैज्ञानिक और समाजशास्त्री इस स्थिति को सोशल लोनलीनेस और इमोशनल लोनलीनेस के बीच के अंतर से समझाते हैं। सवाल यह उठता है कि जब हमारे पास लोग मौजूद हैं, तो फिर यह अकेलापन कहां से आता है। लोगों का आसपास होना और उनसे दिल से जुड़ाव महसूस करना, दोनों अलग बातें हैं। आप दिनभर कई लोगों से बात कर सकते हैं। कभी काम की, कभी मौसम की, तो कभी राजनीति की। लेकिन अगर आप किसी के सामने अपने मन की बात, अपना डर या अपनी खुशी खुलकर नहीं कह पाते, तो धीरे-धीरे अकेलापन महसूस होने लगता है। आम बातचीत से लोगों से संपर्क तो बना रहता है, लेकिन मन को सुकून तब मिलता है, जब कोई आपकी बात को समझे, आपकी भावनाओं की कद्र करे और बिना जज किए आपको सुने। कई बार लोग परिवार और दोस्तों के बीच रहते हुए भी खुद को अकेला महसूस करते हैं। ऐसा तब होता है, जब उन्हें लगता है कि उनकी सोच, भावनाएं और पसंद दूसरों से अलग हैं। धीरे-धीरे वे अपनी बातें दूसरों से साझा करना कम कर देते हैं और खुद में ही सिमटने लगते हैं। जब आप अपनी बात किसी से कहते हैं, लेकिन सामने वाला उसे समझने की कोशिश नहीं करता, तो मन में एक दूरी बनने लगती है। ऐसे में लोगों के बीच रहकर भी इंसान को अकेलापन महसूस हो सकता है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया ने हमें अपनी स्क्रीन में इतना उलझा दिया है कि आमने-सामने बैठकर बात करना ही कम हो गया है। कई बार चार लोग एक ही टेबल पर बैठे होते हैं, लेकिन हर कोई अपने फोन में व्यस्त रहता है। हम सोशल मीडिया पर दूसरों की खुशियों, घूमने-फिरने और अच्छी जिंदगी की तस्वीरें देखते हैं और अपनी जिंदगी से उनकी तुलना करने लगते हैं। धीरे-धीरे ऐसा लगने लगता है कि बाकी सभी खुश हैं, उनकी जिंदगी में सब अच्छा चल रहा है, बस हम ही अकेले और उदास हैं। जबकि सच यह है कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली जिंदगी किसी की पूरी कहानी नहीं होती। कई बार अकेलेपन की वजह आसपास के लोग नहीं, बल्कि हमारे अपने अनुभव होते हैं। अतीत में किसी से धोखा मिलना, रिश्ते में दिल टूटना या दूसरों के ठुकरा देने का डर इंसान को नए रिश्ते बनाने से रोक सकता है। ऐसे लोग दूसरों से घुलने-मिलने से कतराने लगते हैं। वे लोगों के बीच रहते हैं, बातचीत भी करते हैं, लेकिन अपने मन की बात आसानी से किसी से नहीं कह पाते। उन्हें डर रहता है कि कहीं दोबारा चोट न लगे। धीरे-धीरे वे अपने दिल के चारों ओर ऐसी दीवार खड़ी कर लेते हैं, जिसे पार करके किसी को अपने करीब आने देना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास एक-दूसरे के लिए सुकून से बैठने, दिल की बात सुनने और एक-दूसरे को समझने का समय ही कम होता जा रहा है। लोग एक ही घर में रहते हैं, साथ खाना भी खाते हैं, लेकिन दिल से जुड़ने का मौका कम मिलता है। धीरे-धीरे रिश्ते प्यार और अपनापन जताने के बजाय जिम्मेदारियां निभाने और औपचारिकताएं पूरी करने तक सिमट जाते हैं। ऐसे में साथ रहते हुए भी लोगों के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ने लगती है। अकेलेपन को दूर करने के लिए जरूरी नहीं कि आप ज्यादा लोगों से दोस्ती करें। कई बार कुछ ऐसे रिश्ते होना ही काफी है, जहां आप खुलकर अपनी बात कह सकें और आपको कोई जज न करे। गहरे रिश्ते बनाएं। बहुत सारे लोगों से जान-पहचान रखने के बजाय 1-2 ऐसे लोगों से जुड़ें, जिनके सामने आप बिना किसी दिखावे के अपने मन की बात कह सकें। रिश्तों में लोगों की संख्या से ज्यादा भरोसा और अपनापन मायने रखता है। खुद के साथ समय बिताना सीखें। अकेले रहना और अकेलापन महसूस करना दो अलग बातें हैं। अपनी पसंद की किताब पढ़ना, संगीत सुनना, टहलना या कोई नया शौक अपनाना सीखें।

आसमान से बरसती आग ने यूरोप को झुलसाया



यूरोप में इस साल भीषण गर्मी के कारण 50 हजार 391 लोगों की मौत हुई। नेचर हेल्थ में प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन के मुताबिक, इनमें से 32 हजार 619 मौतें मानवीय गतिविधियों से पैदा हुए जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ी गर्मी से जुड़ी थीं। यह आंकड़ा 2022 की गर्मियों में दर्ज मौतों से 71 प्रतिशत अधिक है। 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए।

यूरोप में इस साल गर्मी ने ऐसा कहर बरपाया कि 50 हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इनमें से करीब दो-तिहाई मौतों के लिए इंसानी गतिविधियों से पैदा हुआ जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार माना गया है। कोयला, तेल और गैस जलाने से बढ़ी गर्मी ने इस संकट को और घातक बना दिया। एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, इस बार गर्मी से हुई मौतों का आंकड़ा 2022 की पिछली सबसे घातक गर्मियों के मुकाबले 71 प्रतिशत ज्यादा रहा। शोधकर्ताओं ने यूरोप के 854 शहरों में जून, जुलाई और अगस्त के दौरान गर्मी से हुई मौतों का आकलन किया। अध्ययन के मुताबिक, इस दौरान कुल 50 हजार 391 लोगों की मौत गर्मी के कारण हुई। इनमें से 32 हजार 619 मौतें उस अतिरिक्त गर्मी से जुड़ी थीं, जो मानवीय गतिविधियों के कारण हुए जलवायु परिवर्तन से पैदा हुई। इससे पहले 2022 की गर्मियों को यूरोप में गर्मी के लिहाज से सबसे घातक माना गया था। उस दौरान 29 हजार 480 मौतें दर्ज की गई थीं। इस साल का आंकड़ा उससे 71 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, शोधकर्ताओं का कहना है कि मौतों की वास्तविक संख्या इससे भी ज्यादा हो सकती है। अध्ययन में मई में पड़ी भीषण गर्मी और इन 854 शहरों के बाहर हुई मौतों को शामिल नहीं किया गया। इन शहरों में यूरोप की करीब 40 प्रतिशत आबादी रहती है। गर्मी का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों पर पड़ा। अध्ययन के अनुसार, 85 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों की मौतें कुल आंकड़े के आधे से ज्यादा थीं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि युवा सुरक्षित रहे। गर्मी के कारण 20 से 44 वर्ष की उम्र के 800 से ज्यादा लोगों की भी मौत हुई। इटली, फ्रांस, स्पेन और जर्मनी में गर्मी से सबसे ज्यादा मौतें दर्ज की गईं। इस महीने की शुरुआत में जारी एक अन्य अध्ययन में बताया गया था कि 2000 से 2025 के बीच यूरोपीय देशों की राजधानियों में रोम में गर्मी के कारण सबसे ज्यादा मौतें हुईं। इम्पीरियल कॉलेज लंदन की जलवायु वैज्ञानिक क्लेयर बार्नस ने कहा कि पश्चिमी और उत्तरी यूरोप का बुनियादी ढांचा मौजूदा तापमान से निपटने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि इस बार पहले से जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़े तापमान के ऊपर प्राकृतिक रूप से भी असामान्य गर्मी पड़ी। यानी, जलवायु परिवर्तन नहीं भी होता, तब भी गर्मी का यह दौर असामान्य रहता, लेकिन जलवायु परिवर्तन ने इसे और ज्यादा घातक बना दिया। बार्नस के मुताबिक, यूरोप दुनिया का सबसे तेजी से गर्म होने वाला महाद्वीप है। औद्योगिक काल से पहले के समय की तुलना में यहां तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। आर्कटिक क्षेत्र इससे भी तेजी से गर्म हो रहा है, हालांकि वह महाद्वीप नहीं है। ह्यकनाडा की आपात चिकित्सा विशेषज्ञ और कनाडाई मेडिकल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. कोर्टनी हॉवर्ड ने कहा कि अब ऐसी भीषण गर्मी से निपटने की तैयारी जरूरी है, जिससे बचना संभव नहीं है। उन्होंने गर्मी की पूर्व चेतावनी देने वाली प्रणालियों में निवेश, कम कार्बन उत्सर्जन वाली शीतलन सुविधाओं तक सभी की पहुंच और सबसे ज्यादा जोखिम वाले लोगों की नियमित देखभाल करने वाले स्थानीय समूह बनाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि संकट को बढ़ाने वाले जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल में तेजी से कमी लानी होगी। अध्ययन का संदेश साफ है कि गर्मी अब सिर्फ मौसम की परेशानी नहीं, बल्कि लोगों की जान से जुड़ा गंभीर संकट बन चुकी है। समय रहते चेतावनी, बेहतर तैयारी और उत्सर्जन में कमी जैसे कदम इस खतरे का सामना करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

बुंदेलखंड की ऐतिहासिक धरोहरः प्राणनाथ जी मंदिर का भव्य शरद महोत्सव

शरद पूर्णिमा का त्योहार हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। इसे कोजागरी पूर्णिमा या कुमार पूर्णिमा भी कहते हैं, जो हिंदू कैलेंडर के हिसाब से हर साल सितंबर से अक्टूबर महीने के बीच में पड़ता है। इस साल शरद पूर्णिमा का उत्सव 25 अक्टूबर रविवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के श्री प्राणनाथ जी मंदिर में शरद ऋतु के मौके पर शरद पूर्णिमा पर लाखों की संख्या में देश-विदेश से आए श्रद्धालु अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होते हैं। इस नौ दिवसीय महोत्सव की शुरुआत विजयादशमी के मौके पर श्री खेजड़ा मंदिर में वीरा और तलवार उठाकर होती है। वीरा और तलवार इस बात का प्रतीक है कि संवत 1740 में खेजड़ा मंदिर परिसर में बुंदेलखंड की रक्षा के लिए महाराजा छत्रसाल को इसी विजयादशमी के दिन श्री प्राणनाथ जी ने वरदानी तलवार सौंपी थी और आशीर्वाद प्रदान किया था। इस आशीर्वाद को प्राप्त करने के बाद महाराजा छत्रसाल ने पूरे बुंदेलखंड पर जीत हासिल कर ली और अपना साम्राज्य स्थापित कर पन्ना को इसकी राजधानी बनाई। शरद पूर्णिमा महोत्सव का मुख्य समारोह पूर्णिमा की रात में होता है। रात के करीब 12 बजे बंगला जी मंदिर में श्रीजी की सवारी ब्रम्हक चबूतरे पर लाई जाती है। पूर्णमासी की महारास का उत्सव पूरी रात चलता है। श्रीजी की सवारी ब्रह्मा चबूतरे पर 5 दिन तक रूकी रहती है। इस दौरान पांच दिन तक गरबा समेत कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन चलता रहता है। शरद पूर्णिमा महोत्सव का पहला कार्यक्रम संवत 1740 में हुआ था। लोगों का मानना है कि श्री प्राणनाथ जी बंगला जी मंदिर में अपने 5 हजार समर्पित भक्त के साथ ठहरे थे। पूर्णिमा की चांदनी रात में वे समर्पित भक्तों के साथ श्रीकृष्ण द्वारा ग्वालवालों और सखियों के साथ खेले जाने वाले महारास की चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान उनके साथ आए सुंदरनाथ ने महामति प्राणनाथ जी से अखंड महारास का अनुभव कराने का निवेदन किया तब पूनम की आधी रात शुरू होने वाली थी। इस पर महामति प्राणनाथ जी ने पांच हजार सुंदरसाथ के साथ महारास खेलना शुरू कर दिया। यह महारास 5 दिनों तक बिना रुके और बिना थके चलता रहा। तभी से यह हर साल मनाया जाता है। इस उत्सव में कई तरह के कल्चरल और आध्यात्मिक गतिविधियां होती हैं। जिसमें शास्त्रीय संगीत और नृत्य प्रदर्शन, लोक कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, आध्यात्मिक और भक्ति कार्यक्रम, पारंपरिक व्यंजन और स्थानीय व्यंजन, हस्तशिल्प और हथकरघा और शरद पूर्णिमा की चांदनी में शाम का उत्सव शामिल है।



इस नौ दिवसीय महोत्सव की शुरुआत विजयादशमी के मौके पर श्री खेजड़ा मंदिर में वीरा और तलवार उठाकर होती है। वीरा और तलवार इस बात का प्रतीक है कि संवत 1740 में खेजड़ा मंदिर परिसर में बुंदेलखंड की रक्षा के लिए महाराजा छत्रसाल को इसी विजयादशमी के दिन श्री प्राणनाथ जी ने वरदानी तलवार सौंपी थी और आशीर्वाद प्रदान किया था।

युद्ध का अंतः जीत का भ्रम और थकान की कड़वी सच्चाई

युद्ध का अंत या तो जीत के साथ होता है या फिर लड़ते-लड़ते थक जाने पर। जीत की तुलना में थकान को समझना कहीं अधिक आसान होता है, क्योंकि इसमें संसाधनों को मापा जाता है; इच्छाशक्ति जैसे संसाधन की सीमा को भी। वहीं दूसरी ओर, जीत के दो पहलू होते हैं। इसे तभी सार्थक माना जाता है, जब दुश्मन अपनी हार स्वीकार कर ले। युद्ध हमेशा खत्म नहीं होते, बेशक कोई लड़ाई थम जाए। कई बार तो वे पीढ़ियों तक चलते रहते हैं। रूस ने जारशाही सामंती व्यवस्था, कम्युनिस्ट तानाशाही और 1990 के बाद के लोकतांत्रिक दौर में भी यूक्रेन को अपनी रणनीतिक सीमा का हिस्सा माना है। यह सोच तब भी बनी रही, जब सोवियत संघ टूट गया और यूक्रेन में राष्ट्रवाद की भावना मजबूत होने लगी। यह साफ तौर पर नहीं कहा जा सकता कि पश्चिम एशिया में युद्धों की शुरुआत कब हुई, लेकिन यह स्पष्ट है कि इनका अंत दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा। पाकिस्तान ने अपने जन्म के महज दस सप्ताह के भीतर अक्तूबर 1947 में कश्मीर पर कब्जा करने के इरादे से एकतरफा और छद्म युद्ध छेड़ दिया था। आज 75 साल बाद भी इसके उतार-चढ़ाव के बारे में लिखा जाता है। यूक्रेन पर रूस के बढ़ते खतरे का मौजूदा दौर 24 फरवरी, 2022 को शुरू नहीं हुआ था, जब मॉस्को ने उस पर जमीनी हमला किया, बल्कि इसकी शुरुआत तो 2014 में ही हो गई थी, जब उसने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। यूक्रेन के यूरोपीय सहयोगी आज भी 2014 से जुड़े इस अहम सवाल का जवाब देने से बचते हैं कि उन्होंने महज विरोध की औपचारिकता निभाकर क्रीमिया पर रूसी कब्जा क्यों मान लिया था? उस समय वाशिंगटन में बराक ओबामा, लंदन में डेविड कैमरन और बर्लिन में एंजेला मर्केल सत्ता में थीं। उन्होंने कुछ नहीं किया। अगर क्रीमिया पर कब्जा रणनीतिक रूप से ठीक था, तो फिर मॉस्को को इसी तर्क पर रूसी भाषी पूर्वी यूक्रेन पर दावा करने से क्यों रोका जाना चाहिए?



बहरहाल, सवाल यह है कि क्या रूस भी अब युद्ध करते-करते थक गया है? फिलहाल यह तो पता नहीं, लेकिन यूक्रेन पर जरूर थकान हावी हो रही है। उसके हथियार खत्म हो चुके हैं, मोर्चे पर उसकी स्थिति लगातार कमजोर पड़ने लगी है, उसकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और कब्जाए गए इलाकों को फिर से वापस पाने की उम्मीदें लगभग दम तोड़ चुकी हैं। नतीजतन, राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की तुरंत युद्ध-विराम की गुहार लगा रहे हैं। हालांकि, व्लादिमीर पुतिन अभी उतने थके नहीं दिख रहे, मगर हर युद्ध अपनी बड़ी कीमत वसूलता है। यूक्रेन युद्ध में वह अपने ही देश की मौजूदा पीढ़ी के संसाधनों को झोंक रहे हैं। ऐसा जोखिम उठाना गैर-जिम्मेदाराना होगा। पुतिन को अब तक वह नहीं मिला है, जिसके मिलने की उम्मीद उनको 2022 में थी, बल्कि वह लक्ष्य अब उनसे बहुत दूर जा चुका है। ऐसे में, और अधिक हासिल करने की कोशिश में अब तक मिली बढ़त को गंवाने के बजाय उनके लिए बेहतर यही होगा कि जो पा चुके हैं, उस पर अमेरिका और यूरोप से रजामंदी हासिल कर लें। यह अमेरिकी शासन-व्यवस्था की खासियत है कि वहां का राष्ट्रपति फैसलों को प्रभावित करने की जितनी ताकत रखता है, उतनी क्षमता अन्य लोकतांत्रिक देशों के नेताओं के पास नहीं होती। व्हाइट हाउस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जैसों के लिए एक अनुकूल राजनीतिक ठिकाना है, जो 'हम' के मुकाबले 'मैं' को अधिक महत्व देते हैं। मॉस्को को डोनाल्ड ट्रंप से बेहतर कोई दूसरा अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं मिलने वाला, जो उसके प्रति इतना झुकाव रखता हो। इसलिए, यह रूस के हित में है कि वह ट्रंप के कार्यकाल में ही उनकी राजनीतिक बढ़त का फायदा उठाकर यूक्रेन में यथास्थिति कायम करने का समझौता कर ले। यूक्रेन युद्ध पर समझौता कराकर पुतिन को किसी रूप में जीत दिलाने के पीछे ट्रंप का एक खास मकसद है। दरअसल, ईरान के खिलाफ अकारण छेड़ी गई जंग में अमेरिका को जिस अपमान का सामना करना पड़ा है, उस पर ट्रंप अपना गुस्सा बमुश्किल छिपा पा रहे हैं। अमेरिकी मीडिया ने खुलासा किया और पेंटागन ने मान भी लिया कि ईरान के हाथों अमेरिका को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यदि ट्रंप यह दावा नहीं कर पाते हैं कि ईरान को उन्होंने अपनी शर्तों पर झुका दिया है, तो इतिहास उन्हें एक पराजित नेता के रूप में ही याद रखेगा। इस पूरे समीकरण में अब इजरायल का मुद्दा पीछे चला गया है। अमेरिका ने बहुत ही सावधानी और खामोशी के साथ एक ऐसा गठबंधन तैयार कर लिया है, जो ईरान को घेरकर रखेगा, ताकि वह कोई नया हमला न कर सके। अमेरिका ने सऊदी अरब की सुरक्षा का हवाला देकर ब्रिटेन और फ्रांस को मैदान में उतरने को मजबूर किया है। उसने मक्का समझौते को भी आगे बढ़ाया, ताकि पाकिस्तानी फौज को इसमें शामिल करने का बहाना मिल सके। अमेरिकी निर्देशों के तहत पाकिस्तान ने ईरान के साथ अपनी सीमाएं बंद भी कर दी हैं, क्योंकि आर्थिक दबाव डालना अमेरिकी रणनीति का अहम हिस्सा है। इराक को भी ऐसे ही निर्देश दिए गए हैं, हालांकि उसके अमेरिका के सामने पूरी तरह झुकने की संभावना कम है। इस बीच, एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम के तहत अमेरिकी सैनिकों को इराक, जॉर्डन, कतर और कुवैत से हटा लिया गया है, क्योंकि ट्रंप जानते हैं कि अमेरिकी जनता अपने सैनिकों की मौत बर्दाश्त नहीं करती। ऐसे में, यदि जमीन पर जंग होती है, तो उसका मोर्चा स्थानीय सेनाएं संभालेंगी, जबकि अमेरिका अपनी हवाई सैन्य ताकत दिखाएगा, जिसमें उसका दबदबा है। ईरान का जवाब स्पष्ट है, यदि उस पर फिर से हमला हुआ, तो उसकी फौज पड़ोसी अरब देशों को निशाना बनाएगी। हालांकि, मिसाइलों और ड्रोन पर टिकी ईरान की जवाबी कार्रवाई रूसी उपग्रहों और चीनी खुफिया जानकारियों पर निर्भर है।

ईरानी राष्ट्रपति की अगले सप्ताह पुतिन से होगी मुलाकात



संचार जगत

मास्को। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन अगले सप्ताह मास्को के दौरे पर जाएंगे। यहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच आर्थिक सहयोग और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। पेजेश्कियन 27 अक्टूबर को गैस एक्सपोर्टिंग कंट्रीज फोरम यानी गैस निर्यातक देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस का दौरा करेंगे। इस दौरान सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष एक दूसरे से मिलेंगे। बैठक में आर्थिक सहयोग के साथ-साथ भू-राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। रूस और ईरान के बीच पिछले कुछ वर्षों में संबंध और मजबूत हुए हैं। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर सैन्य हमले के बाद दोनों देशों के बीच नजदीकी बढ़ी है। दोनों देश अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने इस सप्ताह ईरान का दौरा किया था। मध्य पूर्व संघर्ष शुरू होने के बाद यह उनकी पहली ईरान यात्रा थी।

डीप फेक का आवरण ओढ़े अपराधी को भी खोज निकालेंगे योगी

संचार जगत



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन टेक संगम 2026 के दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्वांटम फॉरेंसिक्स और विधिक अनुपालन के क्षेत्र में कार्य करने वाले एलईएक्सक्यू सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया। समारोह में उन्होंने कंसेंट मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च किया, अभेद्य परियोजना की आधारशिला रखी और एआई इन कंस्ट्रक्शन पुस्तक का अनावरण किया। इस मौके पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक जैसी तकनीकों के दौर में अपराधी कितना भी तकनीक का आवरण ओढ़ ले, उत्तर प्रदेश की वैज्ञानिक और विधिक क्षमता उसे खोज निकालेगी। एआई हमारे लिए मददगार हो सकता है, लेकिन उसे निर्णायक नहीं बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि तकनीक का संचालन मानव विवेक से होना चाहिए, न कि मनुष्य तकनीक के विवेक पर निर्भर हो जाए। पूरी तरह एआई पर निर्भरता भविष्य में संकट बन सकती है। सम्मेलन में साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्ष्य, क्वांटम तकनीक, फॉरेंसिक विज्ञान और एआई के न्यायिक और प्रशासनिक उपयोग पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए बताया कि जिस करीब 100 एकड़ जमीन पर आज विश्वस्तरीय फॉरेंसिक संस्थान खड़ा है, उस पर कभी लखनऊ के एक बड़े भू-माफिया का कब्जा था। उस समय पुलिस भी इस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रही थी। वर्ष 2017 में पुलिस अधिकारियों से इसकी जानकारी मिलने के बाद जांच कराई गई और भू-माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। दूसरी एफआईआर दर्ज होते ही उसने आत्मसमर्पण कर जमीन छोड़ दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले लखनऊ में साइबर फॉरेंसिक और क्वांटम तकनीक जैसे विषयों पर चर्चा करना भी सपने जैसा लगता था।

डॉ. सज्जन सिंह यादव होंगे जम्मू-कश्मीर के नए सीएस



जम्मू-कश्मीर। केंद्र सरकार ने 1995 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. सज्जन सिंह यादव को जम्मू-कश्मीर का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आदेश जारी किया है। उन्हें एक नवंबर से या कार्यभार ग्रहण करने की तारीख, जो भी बाद में हो, से जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव के पद पर तैनात किया गया है। यह आदेश गृह मंत्रालय की ओर से जारी किया गया है। आदेश की कॉपी दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार, गोवा, चंडीगढ़, लद्दाख के मुख्य सचिवों के साथ-साथ डीएनएच एंड डीडी और लक्षद्वीप के प्रशासक के सलाहकार और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के सचिव को भी भेजी गई है।

जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग, भड़काऊ नारे लिखने वालों पर कार्रवाई का मांग



संचार जगत

नई दिल्ली । जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में कश्मीर को लेकर दिए गए बयानों और लगाए गए नारों पर राजनीति गरमा गई है। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने जामिया में विरोध प्रदर्शन और राहुल गांधी की रैली पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग देश में भ्रम फैलाना चाहते हैं, इससे कुछ नहीं होने वाला है। राहुल गांधी की रैली से व्यापारियों को परेशानी होने वाली है। नकवी ने कहा कि यह चाहे जंतर-मंतर हो, चाहे जामिया हो, कुछ लोग उसको अराजकता का अम्यूजमेंट पार्क बनाना चाहते हैं, उद्दंडता का मनोरंजन मैदान बनाना चाहते हैं, तो इससे एक बात बहुत साफ है कि जो इनका प्रोटेस्ट डेमोक्रेटिक पैशन नहीं बल्कि डिस्ट्रक्टिव फैशन है। वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए ऐसे नारे लिखने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की। ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत रॉय ने इस मामले में कहा कि यह एक लोकतांत्रिक देश है। लोगों को अपनी राय रखने की आजादी है। इसे लेकर कोई हंगामा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें हंगामा करने वाली क्या बात है? यह सब भाजपा का बेकार का प्रोपेगेंडा है।

तेलंगाना: 326 करोड़ बैंक फ्रॉड मामले में ईडी ने केवीपीएल से जुड़े 7 ठिकानों पर मारा छापा

संचार जगत



हैदराबाद। प्रवर्तन निदेशालय के हैदराबाद जोनल कार्यालय ने तेलंगाना के हैदराबाद, सिकंदराबाद और मेडचल-मलकाजगिरी में स्थित 7 ठिकानों पर प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत तलाशी अभियान चलाया। जिन जगहों पर तलाशी ली गई, उनमें केवीपीएल के रजिस्टर्ड ऑफिस, इसके निदेशकों के आवास और उन संस्थाओं और व्यक्तियों के ठिकाने शामिल हैं, जिन्होंने बैंक फंड को दूसरी जगह भेजने में मदद की थी। यह तलाशी मेसर्स कनकधरा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशकों द्वारा क्रेडिट सुविधाओं के कथित डायवर्जन की चल रही जांच के सिलसिले में की गई। ईडी की यह जांच पंजाब नेशनल बैंक की शिकायत पर केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई द्वारा 8 दिसंबर 2022 में दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी।

फिलीपींस वायुसेना के दो विमान हवा में टकराए, चार पायलटों की मौत



संचार जगत

मनीला । फिलीपींस वायु सेना ने पुष्टि की कि शुक्रवार को बटांगास प्रांत के फर्नांडो एयर बेस पर प्रशिक्षण उड़ान के दौरान ट्रेनिंग विमान एसएफ-260 दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में वायु सेना के चार पायलट मारे गए। दोनों विमान फर्नांडो एयर बेस के दायरे में ही दुर्घटनाग्रस्त हो गए। वायु सेना ने चार पायलटों की मौत पर दुख जताया और कहा कि दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। एहतियाती कदम के तौर पर, जांच पूरी होने तक बेड़े में शामिल सभी एसएफ-260 विमानों को फिलहाल उड़ान भरने से रोक दिया गया है। एसएफ-260 एक हल्का विमान है, जिसका इस्तेमाल सैन्य पायलटों के प्रशिक्षण के लिए किया जाता है।

अखिलेश यादव के घुसपैठिए वाले बयान पर भड़के उत्तराखंड के सीएम

बताया देवभूमि का अपमान

संचार जगत



नई दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के घुसपैठिए वाले बयान पर पलटवार करते हुए इसे अपमान बताया है। सीएम धामी ने अखिलेश यादव के एक वीडियो शेयर कर आपत्ति जताई। सीएम धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि उत्तराखंड देवभूमि भी है और वीरभूमि भी। अखिलेश यादव का उत्तराखंड के लोगों को घुसपैठिया कहना देवभूमि के स्वाभिमान और हमारे संघर्ष का अपमान है। धामी ने कहा कि क्या कांग्रेस अपने राजनीतिक सहयोगी अखिलेश यादव के इस बयान का समर्थन करती है?उसको देवभूमि की जनता को जवाब देना चाहिए। उत्तराखंड भाजपा की ओर से भी अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार किया गया। एक्स पोस्ट में भाजपा ने लिखा कि देवभूमि के स्वाभिमान पर चोट करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे बड़े घुसपैठिए उत्तराखंड से हैं। इस बयान के बाद से भाजपा नेताओं की ओर से आपत्ति जताई जा रही है।

ईरान संघर्ष विराम के लिए कूटनीतिक प्रयास दोगुने करेगा ब्रिटेन

संचार जगत



इंग्लैंड। ब्रिटेन ने ईरान संघर्ष विराम के लिए अपने कूटनीतिक प्रयासों को और तेज करने का फैसला किया है। ब्रिटिश विदेश मंत्री एड मिलिबैंड ने कहा है कि संघर्ष के कारण देश में ऊर्जा और खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही हैं, जिससे महंगाई और आम लोगों के जीवन-यापन का संकट गहरा रहा है। मिलिबैंड ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो जारी कर कहा, ब्रिटेन में लोगों के सामने इस समय जीवन-यापन की बढ़ती लागत सबसे बड़ी समस्या है। सरकार इस बात से अवगत है कि ईरान युद्ध के कारण ऊर्जा बिल, खाद्य पदार्थों के बिल और महंगाई बढ़ रही है। विदेश मंत्री के रूप में उनकी जिम्मेदारी संघर्ष को समाप्त कराने के लिए हर संभव प्रयास करना है। यह युद्ध बहुत लंबा खिंच चुका है और इससे ब्रिटेन के लोगों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से वह इस्तांबुल में यूरोप और मध्य पूर्व के देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। इस पहल का लक्ष्य संघर्ष को हमेशा के लिए समाप्त कराना और ब्रिटेन के परिवारों को आर्थिक दबाव से राहत दिलाना है। ब्रिटेन की यह पहल ऐसे समय सामने आई है जब ईरान युद्ध के आर्थिक प्रभाव को लेकर चिंता बढ़ रही है।

जॉर्डन में चर्च पर आतंकी हमला

अमेरिकी दूतावास ने जारी किया सुरक्षा अलर्ट

संचार जगत



अम्मान । जॉर्डन के करक प्रांत में ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च पर हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। एडवाइजरी साझा करते हुए अम्मान स्थित अमेरिकी दूतावास ने बताया कि यह हमला करक के हम्मूद गांव स्थित चर्च पर हुआ। जॉर्डन के सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय ने बताया कि हमले में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 घायल लोगों का इलाज जारी है। सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि अपराधियों की तलाश जारी है और घटना स्थल को पूरी तरह से घेर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। दूतावास का कहना है कि हमले के बाद राजधानी अम्मान में मॉल, विदेशी दूतावासों और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अमेरिकी नागरिकों से सतर्क रहने और ताजा जानकारी के लिए जॉर्डन के सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय और एक्ट पर जॉर्डन पुलिस को फॉलो करने की सलाह दी है। दुनिया भर में इस हमले की निंदा हो रही है। अम्मान में जापान और ऑस्ट्रेलिया के दूतावासों ने बयान जारी कर करक आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। जापान के दूतावास ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई और हमले में घायल हुए लोगों के जल्द ठीक होने की कामना की। अम्मान स्थित ऑस्ट्रेलियाई दूतावास ने आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों और रिश्तेदारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। लेबनान, सीरिया, मिस्र और ओमान सहित पूरे क्षेत्र से भी इन हत्याओं की निंदा की गई।

कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारी की तेज पांच राज्यों के लिए वॉर रूम चेयरपर्सन नियुक्त

संचार जगत



नई दिल्ली। आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने पांच राज्यों के लिए चुनाव वॉर रूम के चेयरपर्सन की नियुक्ति की है। यह नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू होंगी। इन नियुक्तियों के प्रस्ताव को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंजूरी दी है। ये चेयरपर्सन संबंधित राज्यों में पार्टी के चुनाव वॉर रूम के कामकाज की निगरानी करेंगे। नियुक्त किए गए नामों में उत्तर प्रदेश के लिए सचिन यादव, पंजाब के लिए कन्नन गोपीनाथन, गोवा के लिए इमरोज खान, मणिपुर के लिए बिस्वरंजन मोहंती और उत्तराखंड के लिए कृष्ण सत्रोड़ शामिल हैं। पार्टी ने कहा है कि विधानसभा चुनावों की तैयारी के तहत इन नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दी गई है। चुनावी वॉर रूम प्रचार से जुड़ी गतिविधियों में समन्वय, संचार प्रबंधन, राजनीतिक घटनाक्रमों की निगरानी और चुनाव के दौरान पार्टी इकाइयों के बीच तालमेल बैठाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इन नियुक्तियों से पांचों राज्यों में कांग्रेस की संगठनात्मक और चुनाव प्रचार की तैयारियों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। इस बीच, एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कहा था कि पार्टी ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा के वरिष्ठ नेताओं के साथ उच्च स्तरीय बैठकें की हैं। यह बैठक एक नवंबर को नई दिल्ली में वोट चोरी के खिलाफ इंडिया ब्लॉक की मेगा रैली के लिए लामबंदी तेज करने को लेकर की गई थी।

मेलोनी ने कुवैत के अमीर शेख से की मुलाकात

2030 तक के लिए तय किया एक्शन

संचार जगत



कुवैत। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कुवैत में अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जाबेर अल-सबा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने साथ-साथ 2027 से 2030 तक के लिए रणनीतिक प्राथमिकताएं तय की गई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी आधिकारिक यात्रा पर कुवैत पहंची हैं। वे शुक्रवार को कुवैत सिटी पहुंची थीं। मेलोनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि बातचीत का मुख्य उद्देश्य निवेश, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और रक्षा जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत बनाना था। मेलोनी ने बताया कि इस बैठक के दौरान हमने एक नया एक्शन प्लान अपनाया, जिसमें 2027 से 2030 तक के लिए रणनीतिक प्राथमिकताएं तय की गई हैं। इस योजना में दोनों देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने की दिशा और प्रमुख क्षेत्रों को स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

विंग्स ओवर गंगा में दिखा वायुसेना का दम

वाराणसी। वाराणसी के नमो घाट पर भारतीय वायु सेना की ओर से हवाई प्रदर्शन किया जा रहा है। यह विंग्स ओवर गंगा एयर शो आज संपन्न होगा। वाराणसी में भारतीय वायु सेना की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस एयर शो में वायु सेना की परिचालन क्षमताओं, तकनीकी ताकत और बेहतरीन उड़ान कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है। कार्यक्रम में एक साथ मिलकर किए गए हवाई करतब और तेज गति वाले युद्धाभ्यास शामिल हैं। इस कार्यक्रम के लिए लगभग 11 हजार 900 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी ने एयर शो और प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए नमो घाट का दौरा किया था।

महिलाओं के खिलाफ अपराध में शामिल हैं 187 सांसद और विधायक : रिपोर्ट

संचार जगत



नई दिल्ली । देशभर के 187 सांसद और विधायक महिलाओं के खिलाफ अपराध में शामिल हैं। अगर दलों के हिसाब से देखें तो भाजपा के सबसे अधिक सांसदों और विधायकों पर महिला अपराध से जुड़े मामले हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच ने देश के 4 हजार 899 में से 4 हजार 881 वर्तमान सांसदों और विधायकों के शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है, जिसमें 5 साल की अवधि के दौरान इस्तीफे के कारण, मृत्यु या किसी और कारण से हुए उपचुनावों का विश्लेषण भी शामिल हैं। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार 772 वर्तमान सांसदों और 4 हजार 109 वर्तमान विधायकों में से 187 वर्तमान सांसदों और विधायकों ने महिलाओं के ऊपर अत्याचार से संबंधित मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का भी जिक्र है, जिसमें बताया गया कि भारत में साल 2024 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4 लाख 41 हजार 534 मामले दर्ज हुए। रिपोर्ट में बताया गया है कि विभिन्न दलों में भाजपा के सबसे अधिकतम 106 वर्तमान सांसदों और विधायकों ने महिलाओं के ऊपर अत्याचार से संबंधित मामले घोषित किए हैं।

बंगाल की खाड़ी में चक्रवात का खतरा, भारी बारिश का अलर्ट

संचार जगत



कोलकाता। आने वाले दिनों में बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवात बनने की संभावना है। इसके चलते बुधवार से पश्चिम बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश, आंधी-तूफान और तेज हवाएं चलने के आसार हैं। आने वाले सप्ताह में दक्षिण बंगाल के बड़े हिस्सों में भारी बारिश और आंधी-तूफान आने की संभावना है, जिसे देखते हुए मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी है। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी के पूर्वी-मध्य और उससे सटे दक्षिण-पूर्वी हिस्से में कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके साथ ही समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई तक एक चक्रवाती परिसंचरण भी विकसित हुआ है। इस सिस्टम के और मजबूत होकर दबाव में बदलने और पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ने की उम्मीद है। रविवार तक यह और अधिक शक्तिशाली होकर डीप दबाव में बदल सकता है और सोमवार सुबह तक समुद्र के ऊपर इसके चक्रवात का रूप लेने की संभावना है। अगले दो दिनों में यह सिस्टम और ताकतवर हो सकता है और उत्तरी आंध्र प्रदेश तथा दक्षिणी ओडिशा के तटीय इलाकों की ओर बढ़ सकता है। इसके प्रभाव से बुधवार से दक्षिण बंगाल के कई हिस्सों में आंधी-तूफान और भारी बारिश हो सकती है। कोलकाता में बुधवार से शुक्रवार के बीच कहीं-कहीं हल्की बारिश, आंधी-तूफान और तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, पूर्वी बर्दवान, पश्चिमी बर्दवान, बीरभूम, मुर्शिदाबाद और नदिया जिलों में भी ऐसे ही हालात रहने का अनुमान है।

ग्रैप-1 लागू होने के बाद भी सड़कों पर उड़ रही धूल

संचार जगत



नोएडा। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के पहले चरण को लागू किए जाने के बावजूद नोएडा की सड़कों पर धूल उड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर के विभिन्न इलाकों में सड़कों पर उड़ती धूल और लगातार जारी निर्माण कार्यों के कारण वायु गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। एक ओर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रदूषण की निगरानी के लिए कई टीमें तैनात होने का दावा कर रहा है,वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर धूल नियंत्रण के इंतजाम प्रभावी नजर नहीं आ रहे हैं। शहर में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के साथ ही सड़कों पर धूल की समस्या एक बार फिर चर्चा में है। नोएडा के कई हिस्सों में सड़कों पर वाहनों की आवाजाही के दौरान धूल उड़ती दिखाई दे रही है। इससे आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

नेहरू पार्क में योग शिविर प्रारंभ




संचार जगत

टोंक। शहर के नेहरू पार्क गार्डन में स्वास्थ्य एवं शारीरिक फिटनेस को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से 8:00 बजे तक विभिन्न प्रकार के योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया जा रहा है। शिविर में प्रतिदिन विभिन्न योग क्रियाएं कराई जा रही हैं। इनमें ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, पद्मासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, त्रिकोणासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान जैसी क्रियाएं शामिल हैं। इन योग क्रियाओं के नियमित अभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायता मिलती है। योग शरीर को सक्रिय रखने, तनाव कम करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग प्रशिक्षक कन्हैया सोनी ने बताया कि योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सकता है।

घंटाघर के नीचे सड़कें बदहाल, हादसों को दे रहे न्योता

संचार जगत



जोधपुर। शहर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल घंटाघर के नीचे सड़कों की हालत खराब होने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे हादसों का खतरा बढ़ा रहे हैं। इन गड्ढों के कारण वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ने और लोगों के चोटिल होने की आशंका बनी हुई है। घंटाघर क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ बड़ी संख्या में पर्यटकों की भी आवाजाही रहती है। ऐसे व्यस्त इलाके में सड़कों की बदहाल स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या को लेकर शिकायतें किए जाने के बावजूद अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से सड़क का निरीक्षण कर गड्ढों को जल्द भरवाने की मांग की है।

रेलवे स्टेशन पर महाराजा सूरजमल की प्रतिमा लगाने की मांग



संचार जगत

डीग। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरीश शर्मा ने डीग रेलवे स्टेशन पर भरतपुर रियासत के संस्थापक महाराजा सूरजमल की भव्य प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की है। इस संदर्भ में उन्होंने रेल प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन उत्तर मध्य रेलवे, आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के नाम डीग स्टेशन मास्टर को दिया गया। ज्ञापन में रेलवे स्टेशन पर महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के साथ उनके जीवन परिचय, वीरता और ऐतिहासिक योगदान को दर्शाने वाला एक शिलालेख लगाने की मांग की ताकि स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों और नई पीढ़ी को उनके गौरवशाली जीवन से राष्ट्र सेवा की प्रेरणा मिल सके।

पेटेंट जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

संचार जगत



उदयपुर। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में पेटेंट जागरूकताः रिसर्च, आइडिया और इनोवेशन की सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन एसीएम उदयपुर प्रोफेशनल चैप्टर और सीएसआई उदयपुर चैप्टर के तकनीकी सहयोग से किया गया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मंजू मांडोत ने बौद्धिक संपदा के संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पेटेंट का दायरा केवल किसी एक तकनीकी विषय तक सीमित नहीं है, बल्कि विज्ञान, तकनीकी, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि और समाज विज्ञान सहित हर क्षेत्र में नए विचारों और खोजों की सुरक्षा आज अनिवार्य हो चुकी है।

श्रीराम कथा की कलश यात्रा किया स्वागत



लालसोट। श्रीराम कथा के शुभारंभ के अवसर पर 501 कलशों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महाकाली मंदिर से विधिवत शुभारंभ हुई यह कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल तत्कालेश्वर हनुमानजी मंदिर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धर्म और आस्था का संदेश दिया। कलश यात्रा कथा वाचक विष्णुकांत शर्मा एवं संत 108 दयालदासजी महाराज के सानिध्य में निकाली गई। सिर पर कलश धारण किए श्रद्धालुओं की सहभागिता से यात्रा का दृश्य भक्तिमय नजर आया।

दिया कुमारी ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्द्धन

कहा– खेलों से निखरती है प्रतिभा

संचार जगत



अजमेर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने चंद्रवरदाई स्टेडियम में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, दिल्ली की ओर से आयोजित अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में शिरकत कर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं उन्होंने खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा, अनुशासन, टीम भावना और समर्पण की सराहना की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने हॉकी थामकर प्रतियोगिता की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आती है और उन्हें अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया के माध्यम से खेलों को काफी बढ़ावा दिया है। राज्य सरकार भी खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। दिया कुमारी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास होता है। ऐसी प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करती हैं।

मतदान के प्रति किया जागरूक

संचार जगत

लालसोट। पंचायती राज चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा में स्वीप टीम एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने घुमंतू मतदाताओं के बीच पहुंचकर मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान मतदाताओं को लोकतंत्र में उनकी भागीदारी के महत्व की जानकारी देते हुए निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास अधीक्षक मनीष खंडेलवाल ने घुमंतू मतदाताओं का माला पहनाकर सम्मान किया। उन्होंने मतदान को लोकतंत्र की मजबूती का आधार बताते हुए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। स्वीप समन्वयक महेंद्र साहू ने कहा कि सभी मतदाताओं को बिना किसी डर या दबाव के निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। वहीं स्वीप टीम के सदस्य जगदीश मीणा ने कहा कि टीम का उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मतदाता तक पहुंचना है। उन्होंने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि मतदान प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पूरा प्रशासन उनके साथ है।

दीपावली पर रोशनी से जगमगाएंगे जोधपुर के बाजार



संचार जगत

जोधपुर। दीपावली पर शहरों के बाजारों को आकर्षक सजावट और रोशनी से जगमगाने की तैयारी शुरू हो गई है। इस उद्देश्य से नगर निगम महापौर प्रसन्न चंद मेहता और आयुक्त राहुल जैन ने नगर निगम सभागार में व्यापारियों और विभिन्न व्यापार संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में दीपावली के त्योहार को भव्य, आकर्षक और बेहतर तरीके से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मेहता ने बताया कि नगर निगम की ओर से इस संबंध में दो अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में दीपावली पर शहर के बाजारों को आकर्षक रूप से सजाने और रोशनी की विशेष व्यवस्था करने के लिए व्यापारियों को प्रोत्साहित करने पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि दीपावली पर अपने बाजार को सबसे सुंदर और आकर्षक तरीके से सजाने वाले व्यापार संघों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार देने की पहल की जा रही है। इसके तहत उत्कृष्ट सजावट करने वाले व्यापार संघों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

सड़क हादसे पर राज्यपाल ने जताया शोक

संचार जगत

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने चूरू के सादुलपुर में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी।

दोहरीकरण से मजबूत होगा रेल नेटवर्क, 27 ट्रेनों के संचालन में बदलाव

संचार जगत



जोधपुर। रेल नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए लूनी-समदड़ी-भीलड़ी रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य के तहत फिटिंग और कमिशनिंग की जाएगी। इस कारण नवंबर और दिसंबर में 27 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। कुछ ट्रेनें रद्द रहेंगी,दो ट्रेनों का संचालन आंशिक रूप से रद्द होगा,जबकि कई ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। एक ट्रेन को 45 मिनट रेगुलेट किया जाएगा, वहीं एक ट्रेन निर्धारित समय से डेढ़ घंटे देरी से रवाना होगी। जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार, कार्य के चलते ट्रेनों के संचालन में अस्थाई बदलाव किया गया है। यात्रियों को यात्रा से पहले ट्रेन के समय और मार्ग की जानकारी लेने की सलाह दी गई है।

घनी आबादी क्षेत्र में अवैध पटाखों का जखीरा बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

संचार जगत

दौसा। दीपावली के मद्देनजर अवैध आतिशबाजी के भंडारण और बिक्री के खिलाफ दौसा पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। कोतवाली थाना पुलिस ने मंडी रोड स्थित एक रिहायशी इलाके में दबिश देकर अवैध रूप से रखे पटाखों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने पुराने बोहरा हॉस्पिटल स्थित एक किराये के कमरे से 5 बड़े खाकी कार्टन में भरे विभिन्न प्रकार के पटाखों के 75 पैकेट जब्त करते हुए एक आरोपी को बिना वैध लाइसेंस पटाखे रखने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल भगवान सहाय शर्मा ने बताया कि शहर में गश्त एवं निगरानी के दौरान एएसआई हरलाल मीना को सूचना मिली थी कि मंडी रोड पर पुराने बोहरा हॉस्पिटल के पास एक किराये के कमरे में भारी मात्रा में पटाखे रखे गए हैं। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बताए गए ठिकाने पर छापा मारा। कमरे की सघन तलाशी लेने पर पांच बड़े खाकी कार्टून मिले, जिनमें अवैध पटाखों का भंडारण किया हुआ था।




जब्त किए गए जखीरे में अत्यंत संवेदनशील और तेज आवाज वाले सुतली बम, मुर्गा छाप पटाखे तथा विभिन्न प्रकार की अन्य आतिशबाजी शामिल है।पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी यह पटाखे कहां से खरीदकर लाया था और शहर में किसे सप्लाई करने की योजना थी।

गो सेवा का हुआ आयोजन

संचार जगत

टोंक। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की टोंक इकाई द्वारा गांधी गोशाला में मासिक गोसेवा का आयोजन श्रद्धा और सेवाभाव के साथ किया गया। यह मासिक गोसेवा समाजसेवी मदन लाल बंसल की पुण्यतिथि पर समर्पित रही। कार्यक्रम के दौरान बंसल परिवार सहित उपस्थित वैश्य समाज के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गोशाला में गोवंश को गुड़, चूरी और हरा चारा खिलाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस मौके पर संगठन के संयोजक मणिकांत गर्ग ने कहा कि सनातन संस्कृति में गोसेवा को सर्वोच्च और परम धर्म माना गया है। उन्होंने निस्वार्थ भाव से लगातार 52 महीनों से इस सेवा प्रकल्प को जारी रखने के लिए पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की और बधाई दी।

गहलोत ने क्रिटिकल केयर ब्लॉक बंद होने पर सीएम को घेरा



संचार जगत

जोधपुर। जोधपुर के मंडोर स्थित जिला अस्पताल में करोड़ों की लागत से तैयार 50 बेड का आधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक पिछले दो महीनों से वीरान पड़ा है। यह मामला अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। इस ब्लॉक का उद्घाटन इसी साल 16 अगस्त को गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया था। इस ब्लॉक के बंद रहने पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ फीता काटने और विज्ञापन छपवाने से जनता का भला नहीं होता। उन्होंने कहा कि धरातल पर स्टाफ और डॉक्टरों की भारी कमी के चलते मरीज इलाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक यहां डॉक्टरों और नर्सिंग कर्मियों के कई पद खाली पड़े हैं,जिन्हें भरने के लिए सरकार को लिखा गया है।

डॉक्टर के घर से जेवरात और कीमती सामान चोरी

जोधपुर। शहर के पावटा सी रोड स्थित रूप नगर में एक डॉक्टर के घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी का संदेह दिवाली के उपलक्ष्य में घर की साफ-सफाई के लिए रखे गए एक घरेलू नौकर पर जताया गया है, जो घटना के बाद पत्नी के प्रसव का बहाना बनाकर अचानक काम छोड़कर फरार हो गया। पीड़ित चिकित्सक की शिकायत पर महामंदिर थाना पुलिस ने नामजद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डॉ. हनुमानसिंह ने अपनी शिकायत में आशंका जताई है कि सफाई के दौरान मौका पाकर अशोक सिंह ने ही घर के जेवरात और कीमती सामान पर हाथ साफ किया है।

रिटायर्ड कर्मचारी के खाते से 15.50 लाख की साइबर ठगी

संचार जगत



जोधपुर। जोधपुर में पेंशन चालू रखने का झांसा देकर बुजुर्ग से 15.50 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगों ने जीवित प्रमाण पत्र बनाने के नाम कर बुजुर्ग के फोन में एनिडेस्क एप इंस्टॉल करवाया और 15 लाख 50 हजार रुपए निकाल दिए। ठगी का पता चलने के बाद बुजुर्ग पड़ोसियों के साथ थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। देवनगर थाना अधिकारी कमल किशोर सुथार ने बताया बुजुर्ग हरीश कुमार (81) निवासी पांच सेक्टर चौपासनी हाउसिंग बोर्ड ने रिपोर्ट दी। रिपोर्ट के अनुसार, ठगों ने बुजुर्ग को फोन पर पेंशन चालू रखने के लिए जीवित प्रमाण पत्र बनवाने को कहा। बुजुर्ग ने उस पर विश्वास कर उसके बताए अनुसार फोन में एनीडेस्क एप डाउनलोड करा दिया। एप डाउनलोड करते ही ठगों ने पूरे फोन का एक्सेस अपने कंट्रोल में ले लिया और उसके बाद उनके खाते से 15 लाख 50 हजार रुपए निकाल दिए। पीड़ित बुजुर्ग बिजली विभाग से रिटायर्ड है। ठगी का पता चलने पर वह पड़ोसियों को साथ लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने आमजन से ठगी की वारदातों को लेकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी शेयर नहीं करने की सलाह दी है।

सरस केबिन की छत काटकर चोरी करते 4 आरोपी पकड़े



संचार जगत

जोधपुर। जोधपुर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना इलाके में आज सुबह चोर एक केबिन में चोरी करने घुसे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि चोर रात के समय सरस के केबिनों को निशाना बनाते थे, जहां से गुटका, बीड़ी, सिगरेट चुरा ले जाते थे। इससे पहले शुक्रवार को भी थाना क्षेत्र के थोरियों की ढाणी इलाके में चोर एक सरस केबिन में चोरी करने पहुंचे थे। यहां पर केबिन की छत को काट रहे थे। आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। जिन्हें देखकर चोर केबिन से उतरकर भागने लगे। बाद में स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि चोर देर रात सरस के केबिनों को निशाना बनाते थे, जहां से गुटका, बीड़ी ओर सिगरेट चुराकर ले जाते। घटना के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। बाद में चोरी का प्रयास करने वाले 4 चोरों को थाने लाया गया।

जेएनवीयू में 24वें दिन भी पेंशनर्स का धरना जारी, 50 करोड़ से ज्यादा पेंशन बकाया

संचार जगत



जोधपुर। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में बकाया पेंशन को लेकर पेंशनर्स का 24वें दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। शनिवार को पेंशनर्स धरना प्रदर्शन के लिए पहुंचे तो विश्वविद्यालय के मैन गेट पर पुलिस ने रोक लिया। पेंशनर्स को गेट पर ही प्रदर्शन करने के लिए कहा गया। लेकिन प्रर्दशनकारी अंदर जाने की बात अड़े रहे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें अंदर जाने दिया। कुलगुरु के ऑफिस के बाहर पहुंचकर पेंशनर्स ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद कुलगुरु पवन कुमार शर्मा और फाइनेंसियल एडवाइजर पेंशनर्स के बीच पहुंचे और बातचीत की। पेंशनर्स ने दीपावली से पहले दो माह की पेंशन जारी करने को कहा। वहीं पेंशनर्स का कहना है कि पेंशन जारी कर दी जाएगी तो वे धरना-प्रदर्शन स्थगित कर देंगे। पेंशनर्स ने टीचर वेलफेयर फंड से पैसा निकालकर पेंशन देने की मांग की। इस पर कुलगुरु पवन कुमार शर्मा ने फंड चैक करवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद पेंशनर्स ने पेंशन खाते में नहीं आने तक धरना जारी रखने का ऐलान किया। जेएनवीयू का पेंशनर्स कहना है कि उनकी 6 माह की 50 करोड़ से ज्यादा पेंशन बकाया है। जेएनवीयू में पेंशन भुगतान की समस्या कुलगुरु पवन कुमार शर्मा ने बताया कि पेंशन की समस्या समय-समय पर सामने आती रही है। पेंशन भुगतान के लिए विश्वविद्यालय को तीन-चार बार ऋण लेना पड़ा है।

अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस ने की समझाइश

लालसोट। मंडावरी कस्बे के बाजारों में बढ़ते अतिक्रमण को हटाने के लिए पुलिस ने दुकानदारों से समझाइश की। थाना अधिकारी जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे के विभिन्न बाजारों का दौरा कर सड़क पर सामान रखने वाले दुकानदारों को समझाया। थाना अधिकारी ने दुकानदारों को बताया कि सड़क पर सामान फैलाकर रखने से आवागमन का रास्ता संकरा हो जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे अपना सामान दुकान की सीमा के भीतर ही रखें, ताकि बाजारों में यातायात सुचारू बना रहे और आमजन को आवागमन में असुविधा नहीं हो।



भारत का 300वां मैच, 200वीं जीत तिलक और नीतीश ने पलटा मैच

भारत ने तिलक वर्मा (नाबाद 51 रन) के अर्धशतक और नीतीश कुमार रेड्डी (नाबाद 26 रन) के साथ सातवें विकेट के लिए 30 गेंद में 69 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत शुरुआती झटकों से उबरते हुए शनिवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड पर एक गेंद रहते 4 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत ने 300वें मैच में 200वीं जीत (टाई मुकाबले जोड़े बगैर) दर्ज की।

नई दिल्ली/संचार जगत

तिलक (26 गेंद, 6 चौके, 1 छक्का) और नीतीश कुमार (13 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का) ने ऐसे समय में जिम्मेदारी संभाली, जब टीम 15वें ओवर में 112 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। लेकिन दोनों ने सूझबूझ और संयम से बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 6 विकेट पर 181 रन बनाकर भारत को 5 मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे कर दिया। कप्तान मिचेल सैंटनर (4 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट) की शानदार गेंदबाजी से एक समय न्यूजीलैंड की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी। पर तिलक ने फिनिशर की भूमिका निभाते हुए मैच उनके हाथों से छीन लिया।

टीम इंडिया की खराब शुरुआत

भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन मेजबान टीम ने ग्लेन फिलिप्स (70) और बेवोन जैकब्स (56) के अर्धशतकों के बाद 5 विकेट पर 180 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए शुरुआत इतनी अच्छी नहीं रही और टीम ने शुरू में लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। मध्यक्रम बल्लेबाज नमन धीर ने 31 रन, अभिषेक शर्मा ने 27 रन, संजू सैमसन ने 14 रन और अक्षर पटेल ने 11 रन बनाए। भारत को पहला झटका पांचवें ओवर में जैकब डफी ने सैमसन को आउट करके दिया, जो धीमी गेंद को जल्दी खेलकर ग्लेन फिलिप्स के हाथों लपके गए, तब टीम का स्कोर 40 रन था।



- तिलक वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी ने 7वें विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी
- न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए
- अभिषेक के पावरप्ले में 100 छक्के
- भारतीय साझेदारी का बना रिकॉर्ड
- तिलक ने फील्डिंग में बनाया रिकॉर्ड

अर्शदीप ने भुवी का रिकॉर्ड तोड़ा

अर्शदीप सिंह ने इस साल अभी तक 29 मैचों की 26 पारियों में बॉलिंग की है। 9.25 की इकोनॉमी से रन देकर उन्होंने 38 विकेट लिए हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन 51 रन देकर 5 विकेट है।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड पारी :	रन	गेंद	4	6
सीफर्ट का तिलक वो अर्शदीप	7	6	0	1
फिन एलेन वो पंत	16	14	0	1
मिचेल का तिलक वो भुवनेश्वर	6	5	1	0
फिलिप्स का धीर वो अर्शदीप	70	43	4	4
जैकब्स का अक्षर वो रेड्डी	58	46	5	1
मिचेल सैंटनर नाबाद	4	5	0	0
मिचेल ब्रेसवेल नाबाद	10	2	1	1
अतिरिक्त : 9 रन				
योग : 20 ओवर में 180/5 रन				
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-50-1, अर्शदीप 4-0-33-2, पंत 4-0-30-1, धीर 3-0-7-0, अक्षर 4-0-28-0, रेड्डी 3-0-31-1				
भारत पारी :	**रन**	**गेंद**	**4**	**6**
सैमसन का फिलिप्स वो डफी	14	17	1	1
अभिषेक का सीफर्ट वो सैंटनर	27	21	3	1
सूर्यकुमार का डेरिल मिचेल वो सीफर्ट	04	8	0	0
श्रेयस अय्यर का सैंटनर	07	11	0	0
अक्षर का मिचेल वो सैंटनर	11	9	0	1
तिलक वर्मा नाबाद	51	26	6	1
नमन का फिलिप्स वो सैंटनर	31	17	1	3
नीतीश नाबाद	26	13	1	1
अतिरिक्त : 10 रन				
योग : 19.5 ओवर में 181/6 रन				
गेंदबाजी : जैक फैलकनर 2-1-11-0, जैकब डफी 3.5-0-41-1, लॉकी फर्ग्यूसन 3-0-37-0, माइकल ब्रेसवेल 4-0-35-0, नाथन स्मिथ 3-0-34-1, मिचेल सैंटनर 4-0-21-4				

फ्रेंच ओपन : फाइनल में सिंधू 1 घंटे 13 मिनट में जीता मुकाबला

नई दिल्ली/संचार जगत

पीवी सिंधू ने फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान की हिना अकेची पर रोमांचक जीत दर्ज की। भारतीय स्टार ने अकेची को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-10, 20-22, 21-16 से हराकर इस साल दूसरी बार सुपर 750 टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। सिंधू ने यह मुकाबला 1 घंटे 13 मिनट में अपने नाम किया। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले जुलाई में जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था। विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज 21 वर्षीय अकेची ने इस सप्ताह वांग झी यी और पुतरी कुसुमा वारदानी जैसी खिलाड़ियों को हराकर अपनी क्षमता का परिचय दिया था। जापान की खिलाड़ी ने सिंधू को भी अपनी चतुराई भरे शॉट और मजबूत रक्षात्मक खेल से परेशान किया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी निर्णायक क्षणों में अपना संयम बनाए रखने में सफल रहीं। सिंधू के सामने फाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक आन से यंग की चुनौती होगी।

- खिताब के लिए विश्व नंबर 1 आन से यंग से भिड़ेंगी सिंधू

शुरुआती गेम में कड़ी टक्कर

शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। स्कोर 4-4 और फिर 8-8 की बराबरी पर पहुंचा। इसके बाद सिंधू ने लय हासिल करते हुए ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारतीय खिलाड़ी ने पूरी तरह दबदबा कायम करते हुए अंतिम 12 में से 11 अंक जीतकर महज 18 मिनट में पहला गेम 21-10 से अपने नाम कर लिया।



सिंधू को मिली बढ़त

मुकाबले का निर्णायक मोड़ 38 शॉट तक चली रैली में आया, जिसका अंत अकेची की नेट पर हुई गलती से हुआ। इससे सिंधू को 18-16 की बढ़त मिल गई। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने बेहतरीन नेट शॉट लगाकर जीत की ओर कदम बढ़ाए।

भारतीय खिलाड़ी का मैच में नियंत्रण

सिंधू ने लंबी रैली के बाद 20-20 की बराबरी करके उसे बचाया, लेकिन अकेची ने एक और मौका हासिल कर लिया और सिंधू के शॉट के बाहर जाने पर 22-20 से गेम जीत लिया। सिंधू ने निर्णायक गेम में 5-3 की बढ़त के साथ शुरुआत की, लेकिन अकेची ने वापसी करते हुए 6-5 से बढ़त बना ली।

खबर संक्षेप

सेमीफाइनल में हार कर बाहर हुईं अनाहत

रेडवुड सिटी। अनाहत सिंह सिलिकॉन वैली स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी मलेशिया की शिवशंकरी सुब्रहमण्यम से हारकर बाहर हो गई। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी और मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत को 11-5 6-11 4-11 7-11 से पराजय का सामना करना पड़ा। यह मलेशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उनकी तीसरी हार है। इससे पहले अनाहत ने मिस्र की 8 बार की विश्व चैंपियन नूर अल शेरबिनि को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

भारतीय पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

अस्ताना। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के पहले दिन शनिवार को भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जहां ग्रीको-रोमन वर्ग में उतरे 4 पहलवानों में केवल ललित ही जीत दर्ज कर सके। ललित को भी 55 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ईरान के पायम फरजाद अहमदी से सामना करना पड़ा। ललित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के ओमर हालिस रेचेप के खिलाफ दमदार वापसी करते हुए 9-7 से जीत हासिल की। वह एक समय मुकाबले में 0-7 से पिछड़ रहे थे और हार से महज एक अंक दूर थे। उन्होंने हालांकि जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए लगातार नौ अंक जुटाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

हीरो वुमैन इंडियन ओपन वाणी ने बनाई बढ़त

गुरुग्राम। भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने हीरो वुमैन इंडियन ओपन के तीसरे दौर के बाद एक शॉट की बढ़त हासिल कर 10 साल बाद घरेलू चैंपियन बनने की उम्मीदें मजबूत कर दी हैं। पांच लाख डॉलर की इनामी राशि वाले लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) टूर्नामेंट के तीसरे दौर में 32 वर्षीय वाणी ने तीन अंडर 69 का कार्ड खेला।

हब-एंड-स्पोक मॉडल से बदलेगी आईटीआई की तस्वीर

योजना के तहत आईटीआई को 'हब-एंड-स्पोक' क्लस्टर मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इसके पहले घटक को हरियाणा का 'कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग' लागू करेगा, जबकि दूसरा घटक सीधे केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा संचालित होगा। प्रत्येक हब आईटीआई के साथ लगभग 4 स्पोक आईटीआई जोड़े जाएंगे, जहां आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, मशीनरी और डिजिटल लर्निंग की सुविधाएं होंगी। प्रशासनिक और वित्तीय नियंत्रण के लिए एक स्पेशल पर्पस व्हीकल (यानी धारा-8 कंपनी का गठन किया जाएगा, जिसमें मुख्य उद्योग भागीदार के पास 51 प्रतिशत शेयरधारिता होगी। शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्र और राज्य सरकार (24.5-24.5 प्रतिशत) में बराबर विभाजित होगी।

11 वर्ष की उम्र में इंटरनेशनल मास्टर बनीं बोधाना, तोड़ा 38 साल पुराना रिकॉर्ड

नई दिल्ली/संचार जगत



भारतीय मूल की इंग्लिश शतरंज खिलाड़ी बोधना शिवनंदन 38 साल पुराना जुडिथ पोल्गर का रिकॉर्ड तोड़कर 11 वर्ष की उम्र में सबसे युवा महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन गई। उत्तरी लंदन की रहने वाली बोधना को यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए कुछ ही रेटिंग अंक की जरूरत थी। यूरोपीय शतरंज यूनियन ने एक्स पर लिखा,'11 वर्ष की बोधना शिवनंदन को यूरोपीय शतरंज क्लब कप 2026 के आखिरी दौर में में जीत के साथ अंतरराष्ट्रीय मास्टर बनने पर बधाई।' उन्होंने बेलारूस की अंतरराष्ट्रीय मास्टर ओल्गा बाडेलका को तीसरे दौर में हराया और अगले दौर में जॉर्जिया की ग्रैंडमास्टर निनो बाटसियाशवी से ड्रॉ खेला। स्वीडन की महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्टोरिया जोहानसन को हराकर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की और सर्वकालिक दस सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय मास्टर में शामिल हो गई। इस सूची में भारत के आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश, उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, अर्जेंटीना के फास्टिनो ओरो, तुर्किये के यागिज खान और रूस के रोमन एस शामिल हैं।

चेन्नई में हरियाणवी एथलीटों का दबदबा

1500 मीटर दौड़ में हितेश को स्वर्ण, सोहित ने जीता रजत पदक

नई दिल्ली/संचार जगत



तमिलनाडु के चेन्नई स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 23 से 27 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही 41वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में एथलेटिक्स हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा का 157 सदस्यीय एथलीट दल हिस्सा ले रहा है। प्रतियोगिता के अंडर-20 आयु वर्ग (पुरुष) की 1500 मीटर दौड़ स्पर्धा में हरियाणा के धावकों ने दोहरा दबदबा कायम किया। झज्जर के हितेश ने 3:51.17 सेकंड के समय के साथ स्वर्णिम सफलता हासिल करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं जींद के सोहित विजेंद्र ने महज कुछ ही पलों के अंतर से 3:51.22 सेकंड में दौड़ पूरी कर रजत पदक पर कब्जा जमाया और राज्य का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त, अंडर-16 बालिका जेवलिन थ्रो इवेंट में फतेहाबाद की मीनाक्षी ने 54.40 मीटर की थ्रो के साथ नया नेशनल और मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। 20 साल बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में झज्जर की नैंसी ने 11.83 सेकंड समय के साथ कांस्य पदक तथा 20 साल बालक हैमर थ्रो में झज्जर के अमन (67.19 मीटर) ने रजत पदक अपने नाम किया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह, महासचिव प्रदीप मलिक और मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ सहित एसोसिएशन के अधिकारियों व ग्रीवेंस कमेटी सदस्य राजकुमार मिटान ने सभी पदक विजेता एथलीटों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महिला अंडर-19 टी-20 ट्रॉफी

दीया के तूफानी शतक से हरियाणा फाइनल में



- यादव ने 65 गेंदों में 15 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 119 रन जड़े

- हरियाणा की अंडर-19 महिला टीम ने दिल्ली को 56 रन से दी करारी मात

नई दिल्ली/संचार जगत

महिला अंडर-19 टी20 ट्रॉफी एलीट के सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा की अंडर-19 महिला टीम ने दिल्ली को 56 रन से हराकर फाइनल का टिकट पक्का कर लिया है। हरियाणा की इस धमाकेदार जीत की स्टार बल्लेबाज दीया यादव रहीं, जिन्होंने मैदान पर चौकों और छक्कों की बरसात करते हुए शानदार शतकीय पारी खेली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा की शुरुआत बेहद मजबूत रही। सलामी बल्लेबाज दीया यादव ने महज 65 गेंदों में 15 चौकों और 5 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 119 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनका साथ कप्तानी पारी खेलते हुए तनिष्का शर्मा ने दिया, जिन्होंने 50 गेंदों में 5 चौकों और 1 छक्के की मदद से 51 रन बनाए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 157 रनों की शतकीय साझेदारी हुई। निर्धारित 20 ओवरों में हरियाणा ने 2 विकेट के नुकसान पर 185 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की ओर से पूर्वा सिवाच और कनिष्का माथुर को 1-1 सफलता मिली। 186 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। हरियाणा की सधी हुई गेंदबाजी के आगे दिल्ली के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाते रहे।


जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज जीतने पर भारत की नजरें, मुकाबला आज



वडोदरा। आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ रविवार को दूसरे वनडे में उतरेगी तो उसका इरादा श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढत बनाने पर लगी होंगी। टी-20 श्रृंखला 3-0 से जीतने के बाद भारत ने पहले वनडे में जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हराया। स्पिनर श्रीचरणी ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 रन देकर चार विकेट लिए जबकि प्रतिका रावल ने नाबाद 100 रन बनाए। पिच से मदद नहीं मिलने के बावजूद चरणी ने बेहद अनुशासित गेंदबाजी की। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने भी 3 विकेट लिए, जिसकी मदद से भारत ने जिम्बाब्वे को 197 रन पर आउट कर दिया और 22 ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। 17 वर्ष की बीलवड बिजा का फॉर्म अहम होगा, जिन्होंने पिछले दो मैचों में चार और 62 रन बनाए हैं। मिचेले मावुंगा ने 23 गेंद में 29 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। वह इस लय को कायम रखकर बड़ी पारी खेलना चाहेंगी।

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच बने पोलार्ड

नई दिल्ली/संचार जगत



मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2027 सत्र से पहले वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला कीरोन पोलार्ड को टीम का मुख्य कोच बनाया है, जो महेला जयवर्धने की जगह लेंगे। पोलार्ड पिछले कुछ सत्र से टीम के बल्लेबाजी कोच थे। वह आईपीएल 2027 से टीम के मुख्य कोच का पद संभालेंगे। मुंबई आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से है लेकिन आखिरी बार 2020 में खिताब जीता था।

मुंबई इंडियंस ने कहा,' मुंबई इंडियंस को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि कीरोन पोलार्ड टीम के मुख्य कोच होंगे। यह टीम की विरासत बनाने के प्रति मुंबई इंडियंस की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हम मैदान पर और उसके बाहर प्रतिभाओं के विकास और अपनी टीम संस्कृति मजबूत करने के लिए काम करते रहेंगे।'

मुंबई इंडियंस मेरे कैरियर का बड़ा हिस्सा : पोलार्ड

पोलार्ड ने कहा,' मुंबई इंडियंस मेरे जीवन और कैरियर का बड़ा हिस्सा रही है। टीम, खिलाड़ियों और पल्टन के साथ मेरा लगाव मेरे लिए काफी मायने रखता है।' उन्होंने कहा,' एक खिलाड़ी और एक कोच के तौर पर सफर का अनुभव करने के बाद मैं समझ गया हूं कि मुंबई इंडियंस क्या है और उसके साथ जुड़ने की जिम्मेदारियां क्या है।' पोलार्ड ने 2009-2010 से मुंबई के लिए ही आईपीएल खेला और आखिरी बार वह 2022 में खेले। मुंबई के लिए 189 आईपीएल मैचों में उन्होंने 147.32 की स्ट्राइक रेट से 3412 रन बनाए। इसके अलावा 69 विकेट भी लिए।

फीफा अंडर-15 वर्ल्ड कप: : लाओस को 4-2 से हराया, हासिल किए 3 अंक

भारत ने जीत के साथ किया शानदार आगाज

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत ने अजरबैजान में आयोजित पहले फीफा अंडर-15 फुटबॉल वर्ल्ड कप की शानदार शुरुआत की है। बाकू के होवसन कॉम्प्टिशन कॉम्प्लेक्स में खेले गए ग्रुप (के) के अपने पहले मैच में भारत ने लाओस को 4-2 से हराया। भारत के कप्तान मैकडोनिश न्गैरांगबाम (7वें मिनट) और आर. लालरेमरुआतफेला (11वें मिनट) ने टीम के लिए शुरुआती दो गोल दागते हुए बढ़त दिलाई। इसके बाद लाओस के अनाविं जाप्यासोने ने 12वें मिनट में एक गोल करके अंतर को कम करने का प्रयास किया। हाफ-टाइम के तुरंत बाद, दक्षिण-पूर्वी एशियाई टीम के लिए सौक्सवान सिलिसेंग (24वें मिनट) ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।



33वें मिनट में भारत ने बनाई बढ़त

33वें मिनट में भारत ने अपनी बढ़त को और मजबूत किया, जब सरकार ने हाफ-वे लाइन के ठीक अंदर से शॉट मारा। गेंद गोलकीपर के ऊपर से होती हुई सीधे नेट में चली गई। भारतीय युवा टीम ने बाकी बचे मैच को बखूबी संभाला, अपनी दो गोल की बढ़त को बरकरार रखा और पूरे तीन अंक हासिल किए।

हाफ-टाइम के बाद भारत ने बनाया दबाव

हाफ-टाइम के बाद भारत ने फिर से दबाव बनाया। 21वें मिनट में एक कॉर्नर किक पर मैकडोनिश का हेडर गोल पोस्ट के बिल्कुल करीब से बाहर निकल गया। हालांकि, तीन मिनट बाद ही लाओस ने बराबरी कर ली, जब सौक्सवान सिलिसेंग ने बॉक्स के बाहर से सीधे शॉट लगाकर गेंद को गोल के निचले कोने में पहुंचा दिया। इस बराबरी के बाद भारत ने अपनी आक्रामकता बढ़ाई और खेल का ज्यादातर हिस्सा लाओस के हाफ में खेला गया।

टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 189 टीमें

इस टूर्नामेंट में 189 राष्ट्रीय टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें 32 समूहों में बांटा गया है। इसमें मैच 'आठ-खिलाड़ियों' के फॉर्मेट में खेले जा रहे हैं। हर मैच में 20-20 मिनट के दो हाफ होते हैं, और इसमें 'रोलिंग सबस्टिट्यूशन' (खिलाड़ियों को बार-बार बदलने) की अनुमति है। भारतीय टीम ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और पहले चार मिनट में ही दो मौके बनाए। तीसरे मिनट में दीपक सिंह अरामबम ने बॉक्स के अंदर से बाएं पैर से एक जोरदार शॉट मारा, जिसे लाओस के गोलकीपर अनौसिथ सौक्सवान ने रोक दिया।

पीएम मोदी ने मैसूर में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र का किया उद्घाटन

यह स्वामी विवेकानंद के विचारों, युवाओं के सशक्तिकरण और भारत की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विरासत को बढ़वा देगा, युवाओं को मिलेगी प्रेरणा

नई दिल्ली/संचार जगत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक के मैसूरु स्थित श्री रामकृष्ण आश्रम में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र विवेक स्मारक का उद्घाटन किया। यह स्मारक स्वामी विवेकानंद के विचारों, युवाओं के सशक्तिकरण और भारत की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विरासत को समर्पित एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में प्रेरणा देगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की अनादि सांस्कृतिक चेतना का केंद्र रहा है, यहां के मंदिर, परंपराएं और उत्सव, मैसूरू का दशहरा, भव्य महल, संगीत और साहित्य-भारत की समृद्ध विरासत इस शहर के कण-कण में रची-बसी है।



प्रधानमंत्री को स्मृति चिन्ह प्रदान करते संतजन

हम मिशन को विस्तार दे रहे पूर्णार्चन भी किया

पीएम मोदी ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद कल्चरल यूथ सेंटर, यानी 'विवेक स्मारक' के उद्घाटन के माध्यम से हम इस मिशन को नया विस्तार दे रहे हैं। मैं श्री रामकृष्ण आश्रम और इससे जुड़े सभी संतों, विद्वानों तथा कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने विवेकानंद स्मारक पर आधारित विशेष फिल्म देखी और रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा देवी तथा स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि दी। भगवान शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर समृद्ध आध्यात्मिक, सांस्कृतिक विरासत को नमन किया।

प्रधानमंत्री आज वाराणसी में देखेंगे एयर शो, इसके बाद जाएंगे ओडिशा

प्रधानमंत्री रविवार को उत्तर प्रदेश और ओडिशा के दौरे पर जाएंगे। वे वाराणसी में वायुसेना दिवस के मौके पर होने वाला हवाई प्रदर्शन देखेंगे और भुवनेश्वर में आरबीआई के डेटा सेंटर तथा साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी में अरविंद लिमिटेड की नई परिधान निर्माण इकाई का उद्घाटन करेंगे।

गृह मंत्री शाह ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के लिए शनिवार



दोपहर दिल्ली पुलिस मुख्यालय पहुंचे। शाह की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में कॉकरोच जनता पार्टी के हालिया विरोध प्रदर्शनों, मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई, विदेश से गिरोह चलाने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

रांची पहुंचे नवीन ने राहुल को घेरा

सड़क से सदन तक देंगे जवाब देश में अराजकता की जगह नहीं



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर रहे हैं। देश में अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। सड़क से संसद तक जवाब देंगे।

संगठन की रणनीति पर होगी चर्चा

नवीन शनिवार को भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया। इसमें झारखंड की राजनीतिक स्थिति, पार्टी की प्राथमिकताओं और आगामी रणनीति पर चर्चा होगी। संगठन के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जयपुर जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

संचार जगत

जयपुर। पंचायती राज आम चुनाव के प्रथम चरण के अंतर्गत सरपंच व पंचों के चुनाव के लिए शनिवार को हुए मतदान प्रक्रिया को पूर्ण स्वतंत्रता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने जयपुर जिले की 8 पंचायत समितियों के प्रथम चरण के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।





राज्य निर्वाचन आयुक्त ने पंचायत समिति चौमू की ग्राम पंचायत अनंतपुर (जेतपुरा) की बूथ संख्या 68 से 71, ग्राम पंचायत देवपुरा की बूथ संख्या 29 से 31 ग्राम पंचायत जयसिंहपुर के बूथ संख्या 25 से 28 तथा गोविंदगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मलिकपुर कि बूथ संख्या 37 से 40 तथा बूथ संख्या 41 से 45 तक के मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान सभी मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की सार्थक अपील भी की। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी ने झोटवाड़ा, सांभर लेक, तथा मौजमाबाद पंचायत समितियां के विभिन्न मतदान केदो का औचक निरीक्षण कर मतदाताओं को मतदान केंद्र पर उपलब्ध बिजली पानी स्वच्छता सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान उपस्थित मतदाताओं से मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं सहित मतदान प्रक्रिया सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर उत्साहवर्धन किया। मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर राष्ट्र की लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत बनाने में सहयोग प्रदान करने पर सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।



रिजर्व पार्टी से भागे सहायक मतदान अधिकारी को किया निलंबित

संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के अंतर्गत जिले की 8 पंचायत समितियों में निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु 21 अक्टूबर को संबंधित पंचायत मुख्यालयों पर स्थित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि पंचायत समिति चौमूं के रिजर्व मतदान दल के कार्मिक, जो कि सहायक मतदान अधिकारी तृतीय के पद पर नियुक्त किया गया था, दिनांक 22 अक्टूबर से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित हो गया। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पंचायत समिति चौमूं के रिजर्व मतदान दलों को चौमूं मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय राधास्वामीबाग में ठहराया गया था। जहां के एक सहायक मतदान अधिकारी तृतीय बिना किसी सूचना के चले गए। इस कार्मिक के विरुद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1958 के नियम 13 के तहत निलंबित करते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को मुख्यालय निर्धारित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दिनांक 21 अक्टूबर को भवानी निकेतन फार्मेसी कॉलेज से मतदान दलों की रवानगी के दौरान अनुपस्थित कार्मिकों की सूची भी तैयार की जा रही है। ऐसे कार्मिकों के विरुद्ध भी शीघ्र ही राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1958 के नियम 17 के तहत चार्जशीट जारी की जाकर जवाब तलब किया जाएगा। बिना किसी ठोस कारण के अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही की जाकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 (1) के तहत मुकदमा भी दर्ज करवाया जा सकेगा।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस की रैली पर उठाए सवाल

राहुल और कांग्रेस नियमों की अनदेखी करते हैं कार्रवाई पर 'लोकतंत्र खतरे में' की बात कहते हैं

नई दिल्ली/संचार जगत

भाजपा ने कांग्रेस की 1 नवंबर को प्रस्तावित 'वोट बचाओ-देश बचाओ' रैली को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस की रैली पर सवाल उठाते हुए शनिवार को कहा कि राहुल गांधी 1 नवंबर को ही रैली करने पर क्यों अड़े हुए हैं और इसके पीछे उनकी क्या मंशा है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस नियमों की अनदेखी करते हैं और बाद में कार्रवाई होने पर लोकतंत्र खतरे में होने की बात कहते हैं. भाजपा नेता ने यह भी दावा किया कि राहुल गांधी पर माओवादी और अराजकतावादी सोच का प्रभाव दिखाई देता है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि 1 नवंबर का दिन 1984 के सिख विरोधी दंगों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी को 1 नवंबर को ही रैली क्यों करनी है? इसी दिन की जिद क्यों है? आखिर उनका संदेश क्या है?' उन्होंने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि 1984 की घटनाओं को बार-बार क्यों उठाया जाता है।

कांग्रेस की 1 नवंबर को प्रस्तावित 'वोट बचाओ-देश बचाओ' रैली पर बवाल



कांग्रेस सिख दंगों को लेकर संवेदनशील नहीं

भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस सिख दंगों को लेकर संवेदनशील नहीं रही है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी विदेशों में भी ऐसे बयान देते रहे हैं, जिनसे भारत की छवि पर सवाल उठते हैं। उन्होंने वर्जीनिया में राहुल गांधी के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें राहुल ने कथित तौर पर सिख समुदाय से जुड़े अधिकारों का मुद्दा उठाया था। भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी की राजनीति में अब 'अराजकता और टकराव' का तत्व बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है और अदालतों जैसी संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ माहौल बना रही है। रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'आज तक भारत के इतिहास में किसी ने सुप्रीम कोर्ट या अदालतों का घेराव करने की बात नहीं की। आखिर राहुल गांधी 1 नवंबर को क्या करना चाहते हैं? अराजकता, तोड़फोड़ या कुछ और?

केंद्रीय मंत्री गिरिराज का भी बड़ा हमला

राहुल बैलेट से नहीं, बुलेट से सत्ता चाह रहे, वे विदेशी दौरों की फंडिंग बताएं?



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर जुबानी हमला किया। उन्होंने राहुल की विदेश यात्राओं की फंडिंग, विश्वविद्यालयों में लगाए गए नारों और राजनीतिक गतिविधियों को लेकर सवाल उठाए। सिंह ने कहा कि राहुल लोकतांत्रिक चुनावों के जरिए सत्ता हासिल करने के बजाए अव्यवस्था के माध्यम से सत्ता तक पहुंचना चाहते हैं। उन्होंने राहुल से 12 सालों में विदेश दौरों के खर्च, टिकट की व्यवस्था और विदेश में हुई मुलाकातों का विवरण मांगा है।

अन्य देशों में विपक्ष के नेता 'जंगली बंदरों' की तरह बर्ताव नहीं कर रहे

गिरिराज ने कहा कि दुनिया के कई देशों में छात्रों के आंदोलन देखने को मिल रहे हैं, लेकिन वहां विपक्ष के नेता 'जंगली बंदरों' की तरह बर्ताव नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश में बढ़ती राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर व्याकुल हैं।

सीटीआई ने राहुल को लिखा पत्र

प्रदर्शन की तारीख बदलने की मांग उठाई वे भाई दूज के बाद करें आयोजन



दिल्ली के व्यापारी संगठन चेंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने भी राहुल गांधी को पत्र लिखकर रैली की तारीख बदलने की मांग की है। संगठन के चेयरमैन बृजेश गोयल ने आग्रह किया है कि रामलीला मैदान में होने वाली रैली 10 नवंबर यानी भाई दूज के बाद कराई जाए। व्यापारियों का कहना है कि त्योहारों के दौरान बाजारों में सबसे ज्यादा खरीदारी होती है और ऐसे समय में रैली से कारोबार प्रभावित हो सकता है।

धनतेरस पर 25 हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

धनतेरस, दिवाली और भाई दूज दिल्ली के व्यापारियों के लिए अहम हैं। लोग सोना-चांदी, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और दूसरे सामान की जमकर खरीदारी करते हैं। धनतेरस पर करीब 25,000 करोड़ का कारोबार होता है।

सीएम का खास फैसला बना कारण

अचानक थलपति विजय की तारीफ करने लगी केंद्र सरकार



नई दिल्ली/संचार जगत

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलपति विजय की केंद्र सरकार ने तारीफ की है। इसे एक चौंकाने वाले कदम के रूप में देखा जा रहा है। केंद्र सरकार ने विजय की यह तारीफ उनके उस फैसले के लिए की है, जिसके तहत उन्होंने एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर वैट कम किया है। क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम के बीच इस फैसले ने एयरलाइंस कंपनियों को राहत दी है। तमिलनाडु ने चेन्नई में दर को 29 फीसदी से घटाकर 16 फीसदी कर दिया। वहीं, प्रदेश के अन्य सभी हवाई अड्डों पर इसे 1 फीसदी कर दिया। इसी बात को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने विजय की तारीफ की है।

केंद्रीय मंत्री नायडू ने की तारीफ

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर वैट कम करने के लिए तमिलनाडु सरकार के निर्णय की सराहना करते हैं। यह एविएशन सेक्टर के लिए एक स्वागत योग्य कदम है। इस पहल के लिए धन्यवाद, मुख्यमंत्री विजय। नायडू ने जोर देकर कहा कि केंद्र और राज्यों के बीच इस तरह का समन्वय हवाई यात्रा को अधिक सस्ती बनाने में महत्वपूर्ण है। असल में यह सब एक एयरलाइन की ऑपरेशन कॉस्ट से जुड़ा मामला है। ईंधन का हिस्सा आमतौर पर ऑपरेशन कॉस्ट की लगभग 30-40 फीसदी होता है। अब यह करीब 55-60 फीसदी तक बढ़ गया है। अमेरिका-ईरान युद्ध फरवरी में शुरू होने के बाद से जेट ईंधन की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

विजय अब 45 किलो चंदन की लड़की दान करेंगे

ऐतिहासिक रूप से 16वीं सदी में तंजावुर के हिंदू राजा अच्युतप्पा नायक ने सूफ़ी संत शाहुल हमीद द्वारा अपनी गंभीर बीमारी ठीक किए जाने पर उनके साथियों को 81 हेक्टेयर (लगभग 200 एकड़) भूमि दान में दी थी। इसी दान की गई भूमि के एक हिस्से पर प्रसिद्ध नागौर दरगाह बनी हुई है। इस ऐतिहासिक दरगाह पर आयोजित होने वाले प्रसिद्ध 'कंदूरी उत्सव' के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय (थलपति विजय) ने अक्टूबर में सरकारी खजाने से 45 किलो उत्तम दर्जे की चंदन की लकड़ी दान (उपलब्ध) कराने का आदेश दिया है।

सिस्टम को लेकर दूसरे चरण की कार्य गतिविधि का हुआ उद्घाटन

ये सिस्टम 2027 में कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों में लगेगा

नौसेना की डीजल चालित पनडुब्बियों को मिलेगी स्वदेशी एआईपी सिस्टम की सौगात!

नई दिल्ली/संचार जगत

अब वो दिन दूर नहीं, जब भारतीय नौसेना की डीजल चालित पनडुब्बियां स्वदेशी एयर प्रोपल्शन सिस्टम (एआईपी) से लैस होंगी। क्योंकि इस संबंध में एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए शनिवार को सिस्टम से जुड़ी दूसरे चरण की कार्य गतिविधि की स्थापना के साथ उद्घाटन (एसटीडब्ल्यू-2) किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एसटीडब्ल्यू-2 की इस सफलता से नौसेना की पनडुब्बियों की समुद्र में तैनाती के वक्त पानी के अंदर काम करने की क्षमता में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। एआईपी के इस मॉड्यूल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की नौसेना सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएमआरएल) ने देश के भीतर ही विकसित किया है। मंत्रालय ने कहा, अगले चरण में नौसेना द्वारा एआईपी एनर्जी मॉड्यूल का आयोजन किया जाएगा।



समुद्री निगरानी को मिलेगी मजबूती

एआईपी सिस्टम की खास बात यह है कि इससे युक्त होने के बाद नौसेना की किसी डीजल चालित पनडुब्बी को समुद्र में अपनी रणनीतिक तैनाती के दौरान अपनी बैटरी चार्ज करने के लिए पानी के बाहर आकर ऑक्सीजन लेने की निर्भरता घटेगी। आमतौर पर बिना एआईपी सिस्टम से कोई पनडुब्बी लगभग 15 से 20 दिन में वातावरण से शुद्ध ऑक्सीजन लेने के लिए समुद्र के बाहर सतह पर आती है। लेकिन एआईपी के बाद उसकी समुद्र के अंदर तैनाती के साथ की दुश्मन के खिलाफ की जाने वाली महत्वपूर्ण गश्त की अवधि में इजाफा देखने को मिलेगा।

गुजरात के हजीरा में हुआ उद्घाटन

एसटीडब्ल्यू-2 का उद्घाटन गुजरात के हजीरा में मौजूद लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के हैवी इंजीनियरिंग कॉम्प्लेक्स में हुआ। जिसमें रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह वर्चुअली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जबकि नौसेना के चीफ ऑफ मटेरियल वाइस एडमिरल बी. शिवकुमार, महानिदेशक (नेवल सिस्टम्स एंड मटीरियल्स) और डीआरडीओ से डॉ. आर. बालमुरलीकृष्णन ने भाग लिया। रक्षा सचिव, डीआरडीओ अध्यक्ष ने कार्यक्रम में इस उपलब्धि के लिए संगठन, उद्योग जगत के भागीदारों को बधाई दी और कहा कि एआईपी कार्यक्रम को लेकर प्रदर्शित की गई वैज्ञानिक गंभीरता, औद्योगिक सहयोग काबिले तारीफ है। जो कि आगे चलकर सिस्टम के उत्पादन की रूप में हमारे सामने फलीभूत होगी।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।